हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 4 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

10 कमिश्नर ने कहा शिक्षकों का अटैचमेंट करें समाप्त



10 किसानों की समस्याओं का कृषि रथ के माध्यम से किया जा रहा समाधान





# जल जीवन मिशनः सैकड़ों गांव में पाइप लाइन बिछी, लेकिन नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जल जीवन मिशन की जांच के लिए केंद्रीय टीम जांच के लिए पहुंच सकती है। जल जीवन मिशन का जिलेभर में बुरा हाल है। गांव में पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी की सप्लाई नही हो रही है। वही लाखों की लागत से टंकी भी बनी है, लेकिन टंकी में पानी भरने का काम ही शुरू नही हुआ है। यही कारण हैं कि केन्द्रिय टीम के निरिक्षण को लेकर विभाग में हडकंप की स्थिति निर्मित है।

### नदी में संपवेल बनाने का काम भी धीमा

पीएचई विभाग की माने तो जल मिशन के तहत सवा दो सौ गांव में टंकी बनाकर पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि ऐसे गांव जहां टंकी से सप्लाई शुरू नहीं हुई है, वहां टैंपररी बोरवेल से गांव में पानी दिया जा रहा है। जबकि जिले में सवा दो सौ से अधिक गांव ऐसे है, जहां बोरवेल्स करने के बाद भी पानी नही निकल पाया। इसके लिए विभाग ने समूह योजना यानी नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को अब तक बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन अब इसे दिसंबर 2025 कर दिया गया हैं।

अलग खबर



**जिले के 385 गांव में सिर्फ 218 में सप्लाई शुरू करने का दावा, कई जगह टंकी ही बनी**

### ठेकेदारों का भुगतान अटका नहीं जोड़ रहे पाइप लाइन

विगत दिनों सोमवार को जिला पंचायत सामान्य सभा में जल जीवन मिशन के कार्यो को लेकर सदस्यों ने हंगामा किया था। जानकारी अनुसार जिले में कई गांव में टंकी बनकर तैयार है। लेकिन ठेकेदार कार्य पूरा होने के बाद भी भुगतान नही होने के कारण टंकी से पाइप लाइन जोडने का काम नही कर रहे है। ऐसे में टेस्टिंग की प्रक्रिया अटक गई है। जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बताया कि, जेवरासिरसा में टंकी लिकेज हैं, इसे सुधार करने कई बार शिकायत की गई थी।

### 385 गांव में मिशन का नहीं पहुंचा पानी

मिशन के तहत 385 गांव में करीब डेढ सौ गांव में मिशन का एक बूंद पानी नही पहुंचा है। ऐसे में यहां के ग्रामीण बोरवेल्स के जरिए पेयजल का जुगाड कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत जिले के करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन पानी का श्रोत नही होने के कारण समस्या बनी हुई है। जिले के 167 गांव में सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जबकि यहां टंकी बनकर तैयार है। पडताल में पता चला कि, नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां सप्लाई शुरू नही हुई हैं। नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक ने बताया कि, विभाग ने टंकी तो बना दिया। लेकिन पाइप लाइन नही बिछाया हैं। मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है। वही 167 गांव में पानी की सप्लाई अब तक शुरू नही हुई हैं। पीएचई के एसडीओ पीएस ठाकुर का कहना है कि, केन्द्रिय टीम के यहां आने की सूचना नही मिली है।

**खबर संक्षेप**

## कॉपर स्क्रैप चोरी करने वाले 4 पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** बीएसपी का फर्जी गेटपास बनाकर कॉपर चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि 31 मई की सुबह कार सीजी 07 सीवाई 1564 बोरिया आउट गेट से बाहर निकाल रहा था। इस दौरान सीआईएसएफ गेट पर चेकिंग के लिए रोक लिया। तभी आरोपी शिवम यादव ने अन्य व्यक्ति के नाम का गेट पास को फर्जी तरीके से बनाकर पेश कर दिया। आरोपी शिवम ने दोस्त मनोज कुमार वर्मा का भी गेटपास उसी तरह तैयार किया था। फिर संयंत्र के भीतर प्रवेश करते थे। आरोपियों ने कोकओवन-सीसीडी एरिया के पास पड़े हुए स्क्रैप कॉपर केबल टुकड़ा 240 किलोग्राम को चोरी कर कार में लादकर निकल रहे थे। जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। गेट पर चेक करते ही कार से पुलिस ने कॉपर जब्त किया। इस मामले में शामिल आरोपी क्वाटर नंबर 36, अटल आवास, अर्जुन नगर, केम्प 01 निवासी आकाश कुहीकर, मकान नं. 43, वार्ड नंबर 26, सॉई झूलेलाल मंदिर के पास, अटल आवास गरीबी रेखा क्वाटर, 32 एकड़, जामुल सचिन पौनीकर, केम्प 01, पानी टंकी 18 नंबर रोड, सरकारी स्कूल पास छावनी एस.अनिल, मकान नं. 1178, सड़क 23, शांतिनगर कैलाश ताम्रकार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुभम और मनोज को एक दिन पहले की पकड़ लिया था। उनके बयान के आधार पर उक्त चारो आरोपियों तक पुलिस पहुंच पाई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो बाइकों की आपस में भिड़ंत से एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा घटनास्थल से फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि भारत पेट्रोल पंप के पास नंदिनी रोड पर अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 सीके 4643 में सवार होकर आ रहे ग्राम गिरहोला नंदिनी निवासी रघुवीर यादव को जमकर ठोकर मार दिया। हादसे में रघुवीर यादव की मौत हो गई। बाइक को देवा धनकर चल रहा था जो हादसे में घायल है। घायल को पुलिस ने उपचार के अवस्था में जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। देव धनकर ने पुलिस को बताया कि मृतक रघूवीर यादव पीछे बैठा था भारत पेट्रोल पम्प के सामने नंदनी रोड में अज्ञात बाइक के हादसे का शिकार हो गया। मृतक नंदिनी में मिस्त्री का काम करता था। आटो पार्टस दुकान में सामान खरीदने पहुंचे थे। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है।

**युक्तियुक्तकरण:** 209 सहायक शिक्षक, 75 व्याख्याताओं को मिली जगह

# पोस्टिंग कहीं, वेतन कहीं से, पढ़ा रहे थे दूसरे स्कूल में, 8 व्याख्याता व 229 शिक्षक बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**काउंसिलिंग : दिव्यांग कोटे को लेकर भी शिकायत**

दुर्ग जिले के अतिशेष शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया मंगलवार को पूरी कर ली गई। दुर्ग जिले के 8 व्याख्याता और 229 शिक्षक अन्य जिलों में भेजे जाएंगे। जिले में 209 सहायक शिक्षक, एक प्रधानपाठक और 75 व्याख्याताओं को जगह मिली है। इन शिक्षकों ने काउंसलिंग प्रक्रिया से अपने स्कूलों को चुना और उसी आधार पर पदस्थापना आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।





### दिव्यांग ने दिखाए सर्टिफिकेट फिर भी अतिशेष में शामिल

युक्तियुक्तकरण में दिव्यांग कोटे को लेकर बड़ी विसंगति सामने आई। दिव्यांगों की नियुक्ति कोटे के तहत हुई लेकिन नियुक्ति आदेश में इसका उल्लेख नहीं होने की वजह से ये दिक्कतें सामने आई। प्रभावित दिव्यांग कृष्णा सोनकर जन्मजात पोलियाग्रस्त है। प्राथमिक शाला खम्हरिया में उनकी पदस्थापना थी। यहां अतिशेष इसलिए घोषित हो गए कि उनकी प्रथम ज्वाइनिंग में दिव्यांग कोटा उल्लेखित नहीं था। मिडिल स्कूल ढ़ौर के शिक्षक मनीष कुमार गेंड्रे भी दिव्यांग है और अतिशेष में आ गए। इनके साथ भी यही समस्या रही। काउंसिलिंग के दौरान इन शिक्षकों ने दिव्यांगता सर्टिफिकेट पेश किए लेकिन राज्य के आदेश की वजह से अतिशेष ही माने गए।

### इतिहास पद को लेकर घमासान

व्याख्याताओं में कई मामले ऐसे भी सामने आए जिसमें उनकी पदस्थापना कहीं और थी। पढ़ाई किसी दूसरे स्कूल में करवा रहे थे और तीसरे स्कूल से उनका वेतन निकल रहा था। इस घालमेल के चलते कई व्याख्याताओं को अतिशेष की स्थिति से गुजरना पड़ा। माधुरी पाल व्याख्याता इतिहास के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुघवा विकासखंड पाटन में पदस्थ थी। घुघवा स्कूल स्वामी आत्मानंद होने पर इनके प्रतिनियुक्ति में असहमत होने से इनको इतिहास के रिक्त पद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वृन्दानगर भिलाई में संलग्न किया गया और प्रस्ताव शासन को भेजा गया। पाल वर्तमान में वृन्दानगर स्कूल में कार्यरत है और इनका वेतन भी वृन्दानगर स्कूल से ही निकल रहा है। अभी इनको घुघवा स्कूल से अतिशेष मानकर युक्तिकरण किया जा रहा है।

### इतिहास के दो ही पद जिले में

दुर्ग जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में इतिहास के लिए दो ही पद शो किया गया। जिसमें एक पद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लिमतरा और दूसरा पद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घोटा। इन दोनों ही स्कूल धमधा ब्लॉक में हैं। इस विषय के दूसरे व्याख्याताओं को अन्य जिले में भेजा गया। गणित विषय के पद भी यहां कम पड़ गए। इस विषय के व्याख्याता भी दीगर जिले जाएंगे।

### 360 शिक्षकों का आदेश 10 जून तक करें ज्वाइनिंग

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी करने के बाद 360 शिक्षकों ने पद ले लिए हैं। इन शिक्षकों को ज्वाइनिंग करने का आदेश भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। 10 जून तक इन शिक्षकों को अपने चयनित स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश हैं। उसके बाद ये मान्य नहीं किए जाएंगे।

### शिक्षा विभाग में ब्लॉक स्तर पर ही चला पद छिपाने का खेल

युक्तियुक्तकरण में अतिशेष शिक्षकों के पद छिपाए जाने को लेकर शिक्षक संगठनों में नाराजगी रही। अतिशेष शिक्षकों की गणना करने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय समिति बनाई गई थी। ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में ही शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से लेकर सभी रिकार्ड होते हैं। इसलिए रिकार्ड सत्यापन और अतिशेष की स्थिति ब्लॉक स्तरीय समिति से परीक्षण कर जिला स्तर पर भेजा गया था। जिले ने केवल रेंडम जांच की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविंद साव द्वारा अपनी पत्नी कुमुदनी साव को अतिशेष से बचाने के प्रयास में पद से ही निलंबित होना पड़ा। कई शिक्षकों ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। कलेक्टर द्वारा ऐसी शिकायतों का निराकरण करने के लिए गठित समिति को प्रेषित की गई है। इस हिसाब से दुर्ग संभागस्तरीय काउंसिलिंग से पहले संशोधन की गुंजाइंश भी देखी जा रही है।

**विभागीय विसंगतियां दूर**

जिन शिक्षकों ने काउंसिलिंग के दौरान विसंगति की शिकायत की उनका निराकरण कर लिया गया है। दिव्यांग कोटे को लेकर राज्य का स्पष्ट आदेश है कि प्रथम नियुक्ति आदेश में कोटे का उल्लेख जरूर हो। इसी का पालन हमने किया। पद नहीं होने पर शिक्षकों को दूसरे जिले में भेजना है। इसके लिए संभाग स्तरीय काउंसिलिंग होगी।
-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## नहर पर किया अतिक्रमण जेसीबी की मदद से तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृति नगर में जल संसाधन विभाग की नहर के भूखंड पर अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने के बाद नगर निगम, जल संसाधन विभाग एवं नगर निगम दुर्ग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अवैध कब्जे को हटाया। बता दें कि गर्मी के दिनों में नहर के माध्यम से तालाबों तक पानी पहुंचाया जाता है। पीएचई के खसरा नंबर 901 रकबा 1.5 के लगभग हेक्टर रिक्त भूमि है, जो नहर से लगा हुआ है। उस पर बिना अनुमति एवं प्रमाणिक दस्तावेज के निर्माण किया जा रहा था। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत स्वयं मौके पर पहुंचे। मुख्य मार्ग में होटल व्यवसाय, रेस्टोरेन्ट, खाने-पीने फास्ट फूड की दुकान खुल गई है। वहां पर बहुत सारे युवा वर्ग एवं परिवार के साथ भी लोग आकर के खाने-पीने का आनंद उठाते हैं। अधिकतर दुकानदारों द्वारा नाली के ऊपर अतिक्रमण करके अपने आगे सेट बनाकर के दुकान को आगे बढ़ा लिया गया था। जिसके कारण नाली सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही थी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गई।

### अतिक्रमण करने वालों से वसूला जुर्माना

नाली पर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करते हुए चालान 20,300 रुपए काटकर रसीद प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से साउथ इंडियन इटली डोसा सेंटर सिंघल यूज प्लास्टिक1000 रू, कौशलेंद्र कुमार गुप्ता सड़क बाधा 2000 रुपए, सिगड़ी इटली डोसा नाली में खाद्य पदार्थ डाले जाने 8000 रुपए, बनारसी जूस कार्नर गीला सूखा 300 रुपए, जितेश जंगल द केक वर्ल्डसिंघल यूज 5000 रुपए, रुद्धाशु द केक बॉस सिंघल यूज 4000 रुपए।

## सोशल मीडिया में पीएम के खिलाफ टिप्पणी

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ऑपरेशन सिंदूर और सिंदूर को लेकर



सोशल मीडिया पर की गई कथित टिप्पणी के मामले में भिलाई के कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को पुलिस ने देर रात हिरासत में लिया है। उन्हें वैशालीनगर थाने में बैठाकर रखा गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक और नेता थाने पहुंच गए हैं। बृजमोहन सिंह साडा के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। वैशालीनगर विधानसभा चुनाव से कांग्रेस के उम्मीदवारी में चुनाव भी लड़ चुके हैं। पुलिस ने कारणों का खुलासा नहीं किया है।

## हत्या की नीयत से चलाई थी गोली, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हवाई फायर करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी पदमश्री तंवर व सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि आदर्श नगर कैम्प 2 छावनी निवासी पीड़िता गोल्डी सिंह की शिकायत पर पुलिस ने हवाई फायरिंग करने वाले आरोपियों की शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि पति सूरज सिंह की हत्या करने के लिए रवि शंकर यादव हाथ में हथियार पकड़कर पहुंचा था। उसका शिनाख्त होने के बाद उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथ आदर्श नगर केम्प 1 भिलाई टी शिवकुमार, कन्हेरा थाना व जिला बेमेतरा विजय चन्द्राकर को पकड़ा गया।

■ पीड़ित सूरज के घर पहुंचे थे आरोपी

पुलिस ने आरोपी रविशंकर से एक मैगजीन जिसमे 02 कारतूस,मोबाइल बाइक , टी शिवकुमार से पिस्टल मैगजीन में कारतूस, मोबाइल, विजय चन्द्राकर से मोबाइल जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस दौरान सीएसपी हरिश पाटिल, क्राइम डीएसपी अजय सिंह, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, छावनी थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय मौजूद थी।

### भिलाई के युवक ने दिया था पिस्टल

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवकों को पिस्टल भिलाई एक युवक ने दी। आरोपियों की उसके साथ खासी दोस्ती है। पुलिस उस युवक के बारे में पतासाजी कर रही है। जानकारी जुटा रही है। बहरहाल अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह पिस्टल उसके पास कहां से आई। उसने यह पिस्टल और कहां-कहां दी। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दोजहद, टैंकरों से बुझ रही प्यास



**भिलाई।** तस्वीर अर्जुन नगर कैम्प क्षेत्र वार्ड-17 की है, जहां इस भीषण गर्मी के दिनों में पानी के लिए रोज जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बौना व्यक्ति जो पहले ही परेशान है, वह भी हर दिन पानी के लिए संघर्षरत है। बता दें कि शहर के इस क्षेत्र पानी को लेकर संकट की स्थिति बनी हुई है। पाइपलाइन के जरिए घरों तक पानी नहीं पहुंचता, लोगों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। *(फोटो: संजय पांडेय)*

## कुम्हारी में डेढ़ लाख से ज्यादा के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान से सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 3 कुम्हारी निवासी तीरथ कुर्रे परिवार समेत घर पर सोया हुआ था। इस दौरान सुबह नींद खुलने पर देखा तो मकान का दरवाजा खुला हुआ था। अलमारी से सोना चांदी ते जेवरात समेत नगदी 1 लाख 70 हजार रुपए पार हो गया। पीड़ित तीरथ ड्राइवर का काम करता है। 1 जून की रात परिवार के साथ खाना खाकर सो गया था। सुबह उठने पर बगल के कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। भीतर प्रवेश करने पर देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी से कान का झुमका 1 जोडी, 2 नग बच्चो का लाकेट, चांदी का पैरपटटी 2 नग, हाथ का चांदी का बच्चो का चुडा 2 नग, चांदी का हाफ करधन 1 नग, चांदी का बाजूबंध 1 नग पुरानी इस्तेमाली 30 हजार रुपए का चोरी हो गया। कुल चोरी हुए सामानों की कीमत 1 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है। चार पाहिया वाहन के दस्तावेज, आधार कार्ड, पैनकार्ड, जेवरातों का बिल अज्ञात ने पार कर दिया है। डॉग स्कॉड की टीम भी पहुंची थी। सामानों की कीमत करीब 3 लाख से ऊपर है।



■ कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना डॉग स्कॉड ने की सर्चिंग




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# बायो-सीएनजी लगाने 1 रुपए वर्गफीट में मिलेगी अधिकतम 10 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि, मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना है।

बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आवंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## भूमि आवंटन के लिए राज्य शासन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किया परिपत्र

### दुर्ग-भिलाई सहित छग में बिछ रही प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

छत्तीसगढ़ में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसकी बिक्री की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। दूसरी तरफ, परिवहन विभाग में सीएनजी वाहनों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इसे भी शुरू किया जाना है।




### जमीन आवंटन के साथ खुलेंगे सीएनजी पंप

सीएनजी पंप विस्तार के लिए अडाणी समूह ने इंडियन ऑयल व बीपीसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों से भी समझौता किया है। इनके पंप स्टेशनों में सीएनजी पंप भी शुरू किए जा रहे हैं। वर्तमान में वाहन निर्माता कंपनी विभिन्न फ्यूल पर चलने वाले वाहनों की सूचना प्रदेश के पंजीयन विभाग को देती है, तब वह उसके पंजीयन के लिए होम एलोकेशन जारी होता है। इसके बाद ही पंजीयन हो पाता है। फिलहाल पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड व इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीयन प्रदेश में हो रहा है। आरटीओ पोर्टल पर सीएनजी का विकल्प अब तक नहीं है। राज्य शासन यदि सीएनजी वाहनों के पंजीयन का भी परिपत्र जारी कर देता है तो यह दिक्कत दूर होने की बात कही जा रही है। बता दें कि दुर्ग जिले में कुम्हारी, उतई में सीएनजी पंप शुरू हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन शिविर 10 से 27 जून तक

दुर्ग। दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृध्दि करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार जिले के तीनों विकासखण्डों में 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा नवीनीकरण करने ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का आयोजन 10 से 27 जून तक किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण अमित सिंह से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत 10 जून को ग्राम पंचायत अंजोरा ख, 12 को ग्राम पंचायत नगपुरा एवं 13 जून को ग्राम पंचायत निकुम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत 18 जून को, ग्राम पंचायत रानीतराई 19 जून को, ग्राम पंचायत बटरेल एवं 20 जून को ग्राम पंचायत जामगांव एम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के अंतर्गत 25 जून को ग्राम पंचायत दारगांव, 26 जून को ग्राम पंचायत लिटिया सेमरिया एवं 27 जून को ग्राम पंचायत मुरमुंदा में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य शतरंज संघ ने किया मोहंती का स्वागत



दुर्ग। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आयोजन समिति के सदस्य इंटरनेशनल रेटेड शतरंज खिलाड़ी, फिडे आर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्चर रंजन मोहंती के रायपुर प्रवास पर छग आर्बिटर कमीशन के चेयरमेन अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन बिलासपुर में पदस्थ रंजन मोहंती को छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने शतरंज को आगे बढ़ाने वलोकप्रिय बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। स्वागत करने वालों में रॉकी देवांगन, रोहित यादव, आशुतोष शर्मा आदि शामिल थे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 जून को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 6 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्युरेंस कं लि के 8 पद एवं स्वीग्गी लिमिटेड के 72 पद, कुल 80 रिक्त पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें डेव्हलपमेंट ऑफिसर के 8, एचआर एक्सक्यूटिव के 2 पद एवं डिलीवरी एक्यूटिव के 70 पद है। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 15000 रूपए से 40000 तक है तथा 10वीं, 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## नई पहल : हितग्राहियों का अपने घर का सपना होगा साकार, रियायती दर में लाभ

# तीस फीसदी सस्ते दर पर बिकेगा हाउसिंग बोर्ड का 400 मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड के मकानों को तीस फीसदी सस्ते दर पर बेचने के फैसले लिया गया है। इस फैसले के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बने सभी मकानों का रेट निर्धारित कर आनलाइन आबंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

अलग खबर

इन मकानों को छूट देकर बेचने पर 28 लाख का मकान अब बीस लाख में मिलेगा, वहीं अन्य मकान के दर भी कम होगें।

इस निर्णय के बाद हाउसिंग बोर्ड अब करीब चार सौ मकान को वन टाइम सेटलमेंट के तहत बचेगी। जानकारी अनुसार हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बनाए गए मकान की अब तक बिक्री नही होने से करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। दुर्ग जिले के तालपुरी, चरोदा हाईट, परसदा कुम्हारी और खारून में बनाए गए करीब चार सौ से अधिक मकान है। जिसके चलते बोर्ड का करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2017-18 में इन चारों पास इलाको में सैकडों मकान बनाए गए थे। वर्तमान में करीब चार सौ से अधिक मकान की बिक्री नही हो पाई हैं। अधिकारियों ने बताया कि, राज्य शासन को आबंटित नही किए गए मकानों की जानकारी भेजी गई थी। बताया गया कि, इन मकानों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत सस्ते दर पर बिक्री आनलाइन प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

## ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत करानी होगी बुकिंग, मिलेगा मालिकाना हक



### मंत्रिमंडल में लिए गए यह निर्णय

राज्य शासन के मंत्रिमंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को (**One time settlement**) एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसके पहले भी तालपुरी में बनाए गए मकानों को बेचने के लिए वन टाइम सेटलमेंट की स्कीम शुरू की गई थी। इस योजना का लाभ मार्च 2024 तक लागू था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ भी उठाया।

### छूट से पहलेः 3 से 28 लाख तक के मकान

जानकारी अनुसार तालपुरी में एमआईजी 28.74 लाख व ईडब्ल्यूएस 3.41 लाख के मकान, चरोदा में एलआईजी टू बीएचके 10.66 लाख से 11.68 लाख तक मकान और खारून हाईट्स में एलआईजी टू और थ्री बीएचके प्लैट 23.42 लाख से 33.67 लाख तक वही एमआईजी टू बीएचके प्लैट 20.73 से 26.46 लाख व परसदा कुम्हारी में चार लाख 55 हजार से लेकर 29 लाख तक स्वतंत्र और प्लैट बिक रहे है। यहां परसदा को छोड सभी जगह फ्लैट टाइप के मकान है।

### यहां बिकने को इतने मकान उपलब्ध

जानकारी अनुसार रिहायसी इलाको तालपुरी में 60 मकान जिसकी कीमत 19 करोड, चरोदा हाईट में 70 मकान जिसकी कीमत आठ करोड, परसदा कुम्हारी में 250 मकान जिसकी कीमत 23 करोड और खारून में 39 मकान, जिसकी कीमत 10 करोड है। इनके बनने के बाद अब तक आबंटन नही हो पाया हैं।

### छूट के बाद इतने सस्ते हो जाएंगे मकान

जानकारी अनुसार पुराने मकानों पर तीस फीसदी छूट दिया गया है, जिसमें परसदा, कुम्हारी दुर्ग ईडब्ल्यूएस, एलआईजी फ्लैट व एमआईजी थ्री बीएचके 3.75 लाख और बीस लाख पांच हजार निर्धारित है। वहीं खारून ग्रीन्स, कुम्हारी दुर्ग एमआईजी टू बीएचके पन्द्रह से 24 लाख 38 हजार रूपए, चरोदा हाईट्स टू और थ्री बीएचके 6 लाख 55 हजार और आठ लाख पांच हजार में उपलब्ध है। वहीं तालपुरी भिलाई एमआईजी प्लैट टू बीएचके 20 लाख 72 हजार है। इसके आलावा पाटन में अटल आवास वन बीएचके में दस फीसदी छूट के बाद यह दो लाख 48 हजार में मिलेगा। वहीं जुनवानी भिलाई, कोलिहापुरी और पद्मनगर भिलाई तीन में व्यवसायिक मकान बेची जा रही है।

# कमिश्नर ने कहा- शिक्षकों का अटैचमेंट करें समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शासन स्तर के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक पहल करते रहने के निर्देश दिए। उन्होने कहा अभी कई शिक्षको का अटैंचमेंट किया गया, जिन्हे तत्काल स्कूल भेजे।

- संभाग आयुक्त ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

उन्होंने अधिकारियों से मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु विभागीय कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने और लोगों में नशा की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर एनसीसी, एनएसएस एवं स्काऊट गाईड के विद्यार्थियों का नशा के खिलाफ जन-जागरूकता रैली सभी नगरीय निकायों में आयोजित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को नशे के आदी और नशे के हालत में माहौल खराब करने या किसी प्रकार की गड़बड़ होने की संभावना हो तो गोपनीय तौर पर जानकारी उपलब्ध कराने कहा। ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध समय पर कड़ी कार्यवाही किया जा सके।

### दुग्ध समिति गठित करने के निर्देश

संभाग आयुक्त ने संभाग के प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक सहकारी समिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिलों में अधिक से अधिक दुग्ध समिति गठित किया जाए। संभाग के 2444 पंचायत में से 1349 पंचायत प्राथमिक सहकारी समितियों से कव्हर कर लिये गये हैं। आयुक्त ने कहा विभिन्न कार्यालयों में शिक्षकों को अटैच किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए उक्त शिक्षकों की सेवाए संबंधित शालाओं में सौपने तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया। यदि शिक्षक शाला में नहीं लौटते तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा।

# किसानों की समस्याओं का कृषि रथ के माध्यम से किया जा रहा समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत कृषि रथ किसानों की समस्या के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग के विस्तार अधिकारियों के साथ दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम सेलूद और फेकारी में पहुंचा। किसान खरीफ की खाद और बीज की तैयारी में जुटे हुए थे, कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के बीच पहुंचकर उन्नत तकनीक की जानकारी के साथ, धान में करगा, धान सोमना बन, पेनीकल माइट किट, धान में काई की समस्या, धान में कंसे के समय में पौधे का लाल होना जैसी कई समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सेलूद के सरपंच अखिलेश मारकंडे, फेकारी के जनपद सदस्य राम सुमेर छेदइया, सरपंच योगेंद्र साहू, समिति अध्यक्ष पारखत सिंह साहू एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सेलूद में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एसएस टुटेजा ने भी शिरकत की और कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विजय जैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने सहभागिता ली। क़ृषि विभाग पाटन से मुकेश मंडरिया, ममता बंजारे एवं अन्य क़ृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

- कृषि रथ पहुंचा सेलूद एवं फेकारी

# महापौर ने तकियापारा वार्ड का जाना हाल, वार्डवासियों से की चर्चा

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा



नगर निगम के तकनीकि अमला के साथ नाली, नाला साफ-सफाई कार्य देखने वार्ड नं 8 पहुँचे। उन्होंने तकियापारा में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो सफाई, नाली सफाई एवं पानी के संबंध में वार्डवासियों से चर्चा किए। उन्होंने तकियापारा के लुचकी तालाब क्षेत्र, इमाम चौक, बम पारा के अलावा चुना लाइन, नवाब मार्ग सहित अशरफ नगर क्षेत्र में घुमकर लोगों से चर्चा कर कहा कि आगामी बारिश के मौसम में वर्षा जनित बीमारी से बचने साफ सफाई रखें। अपने आस-पास पानी जमाव की स्थिति निर्मित न होने दें। नाली और सड़कों में कचरा न डालें, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही कचरा डाले। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा नाली नालो की सफाई कराई जा रही है, इसमें सहयोग करें और नाली में मलमा आदि न डाले। पार्षद श्री रिजवी के तकियापारा में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग पर संबंधित उप अभियंता को प्रक्रिया करने कहा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता मोहित भरकाम, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, प्रकाश अहीर, गौतम साहू, रामलाल भट्ट, मनोहर शिंदे व सहित निगम का अमला उपस्थित थे।

# स्वच्छता दीदियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ, कहा- निरन्तर चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को दुर्ग नगर निगम द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छता दीदियों ने शपथ ग्रहण कर वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ ली। महापौर अलका बाघमार ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस हर साल पांच जून को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। यह एक महत्वपूर्ण दिन है जो दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण के मुद्दों के बारे में सोचने और कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पर्यावरण विभाग प्रभारी काशी राम कोसरे ने बताया कि दुर्ग नगर पालिक निगम ने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता दीदियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने और संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया। नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया, ताकि पर्यावरण को हरा-भरा किया जा सके। पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दुर्ग नगर पालिका निगम ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उसे बचाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

- पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करने का संकल्प




# दो वर्ष बाद भी नहीं हटाया गया पुल से बोल्डर और पत्थर, होगी परेशानी

दुर्ग। मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित महात्वाकांक्षी योजना समाधान शिविर के उद्देश्यों को सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी बेखौफ ठेंगा दिखा रहे हैं, जिससे सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है साथ ही साथ जनता को अपनी समस्याओं से निजात भी नहीं मिल पा रहा है। इसका एक ज्वलंत उदाहरण बोरसी-हनोदा मार्ग पर बना पुल है। रिसाली से होकर पुलगांव की ओर जाने वाले नाले पर उक्त पुल को बने लगभग 2 वर्ष बीत गया है। निर्माण के दौरान खोदी गई मिट्टी और सीमेंट के बड़े-बड़े बोल्डर को ठेकेदार द्वारा नाले में ही छोड़ दिया गया है। परिणाम स्वरुप विगत बरसात में नाले का पानी ओवरफ्लो हो गया था। इस वर्ष भी मानसून सर पर है और विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों व शिविरों में नागरिकों द्वारा उक्त समस्या उठाने के बाद भी अधिकारी अनसुना किए बैठे हैं। परिणाम स्वरुप पुनः बारिश में नागरिकों को इस समस्या से जूझना होगा। नागरिकों ने समाधान शिविर के माध्यम से भी शासन का ध्यान आकर्षित किया है। समाधान ना होते देख नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

- समाधान शिविर के आवेदन को ठेंगा दिखा रहे



## तैयारियों में जुटा माहेश्वरी समाज, होंगे विविध सेवा कार्य

# महेश नवमीं पर निकलेगी प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

माहेश्वरी समाज प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ सुदी नवमीं को अपने वंश समाज का उत्तपत्ति दिवस महेश नवमीं को महोत्सव के रूप में मनाता है। इस वर्ष महेश नवमीं 4 जून को मनाई जाएगी। माहेश्वरी समाज इस अवसर पर सेवा, स्वास्थ्य, संस्कार व सम्मान के विभिन्न आयोजन करेगा।

- 72 प्रकार के रक्त टेस्ट किए जाएंगे

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महेश नवमी महोत्सव संगठन प्रभारी अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य प्रकाश लढ्ढा, रायपुर एवं सेवानिवृत न्यायाधीश आरएल झंवर रायपुर होंगे। प्रभारी एवं विशेष अतिथि महिला संगठन से मधु सोमानी, दुर्ग व युवा संगठन से प्रचार प्रसार संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन सतीश चाण्डक सुकमा होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक माहेश्वरी घरों में वितरित करने हेतु महेश ध्वज उपलब्ध करवाया गया है। इस कड़ी में दुर्ग शहर के माहेश्वरी परिवार भी हर वर्ष की तरह महेश नवमी के अवसर पर अपने घरों में महेश ध्वज बांधकर घर की शोभा बढ़ाएंगे। सुबह 7 बजे रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। सुबह खाली पेट रक्त का सैम्पल लिया जाएगा। जिसमें 72 प्रकार के टेस्ट किये जायेंगे। यह शिविर समाज जनों हेतु थायरोकेयर के सहयोग से रियायती दर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व सतर्कता हेतु आयोजित किया गया है। अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी, सचिव डॉ शंकर दम्माणी, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मण्डल नीतू गाँधी, सचिव अंजली लाखोटिया एवं अध्यक्ष, माहेश्वरी युवा संगठन निखिल भूतड़ा, सचिव कु वर्तिका गाँधी ने अधिक से अधिक समाज जन को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महेश नवमी के सभी आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

### लगेगा रक्तदान शिविर

शहर में निकलेगी प्रभात फेरी इस दिन सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो बाबा रामदेव मंदिर से प्रारम्भ होकर गंजपारा का भ्रमण करते हुए पुनः बाबा मंदिर पहुंचेग। सुबह 8:30 बजे बाबा मंदिर में अभिषेक एवं आरती होगी। सुबह 10 बजे महेश ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे शासकीय अस्पताल दुर्ग में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण, गंजपारा में शरबत वितरण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11:45 को वृद्धाश्रम पुलगांव में भोजन सेवा होगी। दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह का आयोजन होगा। दोपहर 1 से 3 बजे सामूहिक सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर प्रधान आरक्षक को दी विदाई

**उतई।** पुलिस थाना उतई में पदस्थ प्रधान आरक्षक पंचराम वर्मा का 62 वर्ष पूरी होने के बाद सेवानिवृत्त होने पर थाना विभाग द्वारा सम्मान पूर्वक विदाई समारोह का आयोजन पुलिस थाना परिसर में किया गया। इस दौरान एसडीओपी पाटन अनूप कुमार लकड़ा ने अपने उद्बोधन पर कहा कि वर्मा ने उतई थाना में 3 वर्ष तक अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए अपने कार्य को पूरी निष्ठा के साथ किया जिस पर पुलिस प्रशासन को गर्व है। सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक पंचराम वर्मा को गिफ्ट देकर माला पहनाकर सम्मान कर भावभीनी विदाई दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी, उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक नेमन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक भीष्म नारायण साहू, कौशल साहू, नेमु साहू, महेश देवांगन, आरक्षक दुष्यंत लहरे, मनोज सिन्हा, विक्रम साहू, हिम्मत ठाकुर, छगन साहू सहित उतई पुलिस टीम मौजूद थे।

### हैंडीक्राफ्ट मेला उद्घाटित



**दुर्ग।** दुर्ग साइंस कॉलेज के पास मुस्कान हैंडलूम मेला नगर की प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार द्वारा उद्घाटित हुआ। इस अवसर पर नगर निगम एमआईसी सदस्य महिला बाल विकास शशि बाई साहू, ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सचिव एवं जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, अधिवक्ता रमेश साहू, हैंडलूम संचालक सूफियान सुबीर सेन, राकेश तंबोली, सौरभ पांडे, श्रीनिवास राव, गौरव सिंह, अभिलाष आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर द्वारा मेला के लिए हैंडलूम संचालक सूफियान को बधाई दी गई।

## धमधा तहसील कार्यालय में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का मामला गरमाया

# सप्ताह बीत गए लेकिन धमधा राजस्व विभाग में गड़बड़ी पर कोई कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा में बीते दिनों तहसील कार्यालय से जुड़े अव्यवस्था और व्याप्त भ्रष्टाचार का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले का खुलासा हुए 1 सप्ताह हो गए बावजूद आज तक प्रशासन तहसीलदार के ऊपर किसी भी प्रकार के कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। जहां इन दिनों तहसील कार्यालय से जुड़े कार्य नामांतरण, बटांकन, फर्द बटवारा, फावती सहित कई कार्य में प्रार्थियों के लिए रेट तय कर दिया गया है। जिन्हें तहसीलदार को अपना खास कहने वाले बिचौलियों द्वारा प्रार्थी से लेन देन और कम करवाने की बात करते हैं। मतलब आवेदकों को उनके हर कार्य के लिए अनावश्यक पैसे देना पड़ता है नहीं तो उनका कार्य नहीं किया जाता।

समय सीमा तक आवेदक को घुमाया जाता है, तहसील कार्यालय के चक्कर लगवाया जाता है। हाल ही में यह मामला प्रकाश में आया जहां कई ऐसे प्रकरण मिले जिनमें तहसीलदार द्वारा जमीन के नामांतरण को लेकर पैसे का लेन देन का आरोप लगा है। जिसमें प्रार्थियों के द्वारा बताया गया कि प्रकरण के शासन द्वारा निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित किया गया है जिसके समय सीमा तक प्रकरणों को अनावश्यक रोक कर रखा जाता है। वहीं प्रार्थियों द्वारा पैसा नहीं देने पर उनका प्रकरण निरस्त कर दिया जाता है जब प्रार्थियों के द्वारा तय शुल्क दिया जाता है तो जिस प्रकरण को तहसीलदार द्वारा निरस्त किया गया था उसे ही प्रमाणीकरण कर दिया जाता है। वहीं अगर प्रार्थियों द्वारा शुल्क अगर जल्दी दे दिया जाता है तो उसका काम 15 दिन में भी कर दिया जाता है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि किस प्रकार पैसे का बोल बाला तहसील कार्यालय में इन दिनों व्याप्त है।

**प्रार्थियों द्वारा पैसा नहीं देने पर प्रकरण कर दिया जाता है निरस्त**




### किसानों से अवैध उगाही

“ लगातार धमधा एवं बोरी तहसील में किसानों से अवैध उगाही अपने चरम सीमा पर है। किसान अन्नदाता है भगवान का रूप है। अगर किसी भी कार्यालय में किसानों से रिश्वत ली जाती है तो हम और हमारी सरकार कार्यवाही हेतु बाध्य है।

**पवन शर्मा,** उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग

### पैसों का डिमांड की गई

“ मैं खुद प्रत्यक्ष प्रमाण हूं, तहसील के भ्रष्टाचार का तहसीलदार द्वारा मुझसे पैसों का डिमांड किया गया जो कि बेहद शर्मनाक है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। ऐसे अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई तत्काल होनी चाहिए।

**मनीष साहू,** भाजपा नेता

### धमधा तहसील में भ्रष्टाचार शर्मनाक

“ प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। कहीं किसी भी कार्यालय में किसानों से उनके काम करने के लिए रिश्वत मांगी है तो कार्रवाई होना निश्चित है। इस प्रकार से धमधा तहसील में भ्रष्टाचार शर्मनाक है जिसमें कार्यवाही होना चाहिए।

**रोहित राजपूत,** विधायक प्रतिनिधि धमधा

### पुष्टी होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

“ अनावश्यक तहसील परिसर में कोई भी अनजान व्यक्ति बिचौलिया द्वारा अनैतिक कार्य किया जाता है, पुष्टी होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सोनाल डेविड,** अनुविभागीय अधिकारी धमधा

## अंचल की खबरें

### मोदी सरकार ने बढ़ाई धान की एमएसपी





**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस अहम मीटिंग में कैबिनेट ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 69 रुपये बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की मीटिंग के लिए फैसलों का ऐलान किया। इसका सीधा मतलब ये हुआ कि इस सीजन में किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए कम से कम 2369 रुपये दिए जाएंगे। बताते चलें कि इससे पहले किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए न्यूनतम 2300 रुपये मिल रहे थे।मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी। इन 14 खरीब फसलों में धान के अलावा ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कपास, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन (पीला), तिल और रामतिल शामिल है। पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान हितैषी है। किसान नेता पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी में किसानों को उनके लागत की 50 प्रतिशत से अधिक मुनाफा देने का है जिसे पूरा करने किसानों को फसल का समर्थन मूल्य निर्धारित किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ने कहा कि मोदी ने इन फसलों के लिए एमएसपी की कुल धनराशि 2,07,000 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ये सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को उनकी लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत का मार्जिन मिले जो किसान को खेती करने प्रोत्साहित कर रहे है ।

### मौसम की बेरुखी से किसान हो रहे परेशान



**सेलूद।** किसान लगातार मेहनत करते हैं लेकिन उनकी मेहनत का फल उनको नहीं मिलता है क्योंकि वह हमेशा प्रकृति के ऊपर निर्भर रहकर कार्य करना पड़ता है। किसान रवि फसल में उत्पादन करने के लिए फसल लगाये है और हिन्दी महीने में वर्षा आषाढ़ से और अंग्रेजी महीने में 15 जून के बाद बरसात काल समय का प्रारम्भ माना जाता है लेकिन इस साल हिन्दी के जेठ व अंग्रेजी के मई महीने में ही बरसात अत्यधिक होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। सेलूद सहित आसपास के गांवों में पचासो एकड़ खेतों में धान की फसल खराब हो रहे हैं वही प्रतिदिन पानी गिरने से फसल पक नहीं पा रहे है वही पके फसल पानी अधिक गिरने के कारण काटने की स्थिति नहीं बन रही है। किसानों ने बताया कि जहां खाद बीज व रासायनिक दवाई व पानी में अधिक राशि खर्च करने के बाद जब फसल कटाने की बारी आई है तब प्रतिदिन पानी गिर रहा है इसलिए धान नहीं काट पा रहे हैं। धान काट लिए है उसको प्रति क्विंटल बाजार में दाम 1650 रुपये में मिल रहा है जो लागत मुल्य से बहुत कम है किसानों को लाभ तो दुर की बात लागत मुल्य नहीं निकल पा रहा है और जिन किसानों के धान अभी तक नहीं कटे है वह धान पकने व वर्षा नहीं होने के अंतराल की स्थिति देख रहे है ताकि धान की कटाई कर सके ।

## जीते हैं इसलिए खेलते नहीं, खेलते हैं इसलिए जीते हैंः टिकेश्वरी



**अंडा।** दुर्ग जिला कबड्डी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने विगत दिनों ग्राम भरदा में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में कहा कि जीते हैं इसलिए नहीं खेलते, खेलते हैं इसलिए जीते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अंग है और अगर हमारे जीवन में खेल नहीं होगा तो हम जी नहीं पाएंगे । न्यू शिवाजी क्रीड़ा मंडल भरदा द्वारा यह कबड्डी स्पर्धा जहां पर छत्तीसगढ़ की लगभग 70 टीम आई और बाहर से भी जैसे आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब की टीम आई और यहां से अच्छे-अच्छे खिलाड़ी गए हैं हम उनको यह संदेश देते हैं कि ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करें और हमारे नेशनल जूनियर, सीनियर जितने भी आयोजन हैं उसमें अपनी भागीदारी निभाए । इस स्पर्धा में प्रथम भरदा, द्वितीय भेड़सर, तृतीय बीजेभाठा और चतुर्थ अर्जुनी की टीम रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम पंचायत भरदा की सरपंच सुनीता भारतीय ने की तथा पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय एवं पोषण ठाकुर, योगेंद्र भारदीय, शुभम देशमुख, गिरधर यादव, सोन सिंह यादव, भोमराज भारतीय, युवराज यादव, अशोक देशमुख, विशाल देशमुख, गोकुल देशमुख आदि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में नगर की समस्याओं के 2049 आवेदनों का किया जा रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तहत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन शासकीय हाई स्कूल कुगदा में किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 20, 21 एवं 22 के वार्डवासियों द्वारा समस्या के समाधान के लिए आवेदन किये गए शिविर में वार्ड 22 के पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे द्वारा ग्राम कुगदा से शराब दुकान बंद करने के लिए आवेदन किया गया। साथ ही शिविर के अंतिम दिन आवास, जमीन के पट्टे, तालाब सौंदर्यीकरण, भारी वाहनों के आवागमन पर रोक, मुक्तिधाम निर्माण, पेंशन, राशनकार्ड, सड़क, नाली निर्माण के लिए आवेदन सहित 18 आधार कार्ड, 30 लर्निंग (ड्रायविंग) लायसेंस, 5 आयुष्मान कार्ड, 7 श्रम कार्ड एवं 78 नागरिकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। गौरतलब है कि प्रथम चरण में वार्ड 20, 21 एवं 22 में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसकी जानकारी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मंच के माध्यम से दी गई। वहीं शिविर में राशन कार्ड हेतु आवेदन किये गये पात्र 8 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर के नोडल अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत कुल 5 समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 2049 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही विभाग द्वारा किया जा रहा हैं। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिलाई-3, महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर, पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पार्षद अश्वनी कुमार देशलहरे, डीकेश पटेल, आर प्रवीण राव, ओंकार प्रसाद मारकण्डे, विकास सोनकर, जानकी ध्रुव, रितिका यादव, हेमलता धीवर, लता खैरवार, पूर्व अध्यक्ष फलेन्द्र बबला चन्द्राकर, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव आदि उपस्थित थे।

■ शिविर में 78 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

### संयंत्र में ठेका श्रमिकों की अटेंडेंस प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण



**भिलाई।** संयंत्र के ठेका श्रमिकों के हितों को लेकर आम सभा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि नियमित कर्मचारियों को प्रतिदिन बायोमीट्रिक पद्धति से उपस्थिति दर्ज करानी पड़ रही है। इसका सभी श्रमिक संगठनों ने विरोध किया था लेकिन इन श्रमिक संगठनों में एकजुटता की कमी से प्रबंधन इसका फायदा उठाकर बायोमीट्रिक प्रणाली को लागू कर पाया। वर्तमान में ठेका श्रमिक जिनकी संख्या 27000 है। उन पर बायोमीट्रिक की अनिवार्यता लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस पर नाराजगी व्यक्त की गई। आमसभा में अध्यक्ष सीजू एंथोनी, कार्यकारणी अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, नवीन सिंह, धीरज शुक्ला, राजेश अग्रवाल, हितेश भाई पटेल, कमल अवस्थी, नंदू खंडेलवाल, वीके बाबू सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### प्रेमलता श्रीवास्तव



**दुर्ग।** भिलाई 3 बिजली कालोनी निवासी प्रेमलता श्रीवास्तव उम्र 66 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार भिलाई 3 मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. सुनील श्रीवास्तव की पत्नीं, सूरज श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव की मां और समक्ष वर्मा की सास थीं।

### जे जगन्नाथ राजू



**भिलाई।** रामनगर गायत्री शक्तिपीठ के पास रहने वाले जे जगन्नाथ राजू उम्र 72 वर्ष का आकस्मिक निधन 3 जून को हो गया । उनका अंतिम संस्कार 4 जून को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जे दीपक राजू, जे संतोष राजू के पिता और जे श्याम मूर्ति के भाई थे।

## अम्लेश्वर में वार्ड 8 के रोड खेत में बदली, वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



■ बारिश में होती है जलभराव की समस्या

अमलेश्वर, दुर्गा नगर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण जलभराव की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। यहां रोड को देखकर ऐसे लगता है कि खेत को मताई की जाती है और केवल थरहा लगाना बाकी रहा गया है। स्थानीय लोगो की समस्याओं को सुनते हुए वार्ड पार्षद डोमन लाल यादव स्वयं मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। पार्षद यादव ने जलभराव से प्रभावित इलाकों में जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और गड्ढों व सड़क की बदतर स्थिति को देखा। उन्होंने कहा कि यह समस्या लम्बे समय से बनी हुई है और लगातार जनप्रतिनिधियों को आवेदन देने के बावजूद समाधान नहीं निकल सका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस बार इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर नगर पालिका में उठाया जाएगा और जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश होते ही गलियाँ लबालब भर जाती हैं, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है और बच्चों व बुजुर्गों को खासकर बहुत परेशानी होती है। आगे पार्षद यादव ने कहा कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं करता है तो वे उच्चाधिकारियों से मिलकर इस विषय को प्रमुखता से उठाएंगे।

## अर्जुन पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

**पाटन।** पाटन ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम झीट के खार में मेन रोड के पास प्रतिबंधित अर्जुन पेड़ की कटाई लकड़ी तस्कर के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर फारेस्ट विभाग के अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही है। इन दिनों पाटन क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय दिखाई दे रही है। हरिभूमि ने लकड़ी तस्करों के मुहिम को लगातार उठा रही है लेकिन लकड़ी माफिया को बज नही आ रही है किसानों को बहला फुसला कर लकड़ी खरीद लेते है और आस पास के आरा मिलो में सप्लाई कर रही है और लकड़ी कोचिया मोटी रकम कमा रहे हैं। वहीं भंसूली, जरवाय, तेलीगुंडरा, रानीतराई, गभरा, खम्हरिया, इन गावों में लकड़ी का भंडार मिलने की संभावना है अगर वन विभाग के अधिकारी छापा मार कार्यवाही करती है तो लकड़ी कोचिया पकड़ में आ जाएंगे। वहीं वन विभाग रेंजर दुर्ग लक्ष्मी को इस मामले की जानकारी के लिए फोन किया गया तो उनके द्वारा कॉल का जवाब नही दिया गया।



### हितेश व रश्मि का राष्ट्रीय योगासना स्पोर्ट्स जज प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ चयन




**पाटन।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के ग्राम रानीतराई, पाटन निवासी हितेश कुमार और ग्राम सोनपुर, पाटन निवासी भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा की पत्नी रश्मि मिश्रा का चयन योगासना खेल के राष्ट्रीय जज प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह गौरवपूर्ण प्रशिक्षण भारत के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, पटियाला, पंजाब में 2 से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। योगासना खेल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी अध्यक्ष जयंती विष्णु भारती, सचिव डॉ. मेजर सिंह, कोषाध्यक्ष भोजेन्द्र साहू तथा समस्त कार्यकारिणी एवं सदस्यों द्वारा हितेश कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## बिजनेस साइट

### आकाशगंगा में नयनतारा ज्वेलर्स के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ कल



**भिलाई।** विगत 35 वर्षो से दुर्ग-भिलाई के सराफा बाजार में अग्रणीय संस्था नयनतारा ज्वेलर्स अपना एक नया प्रतिष्ठान नयनतारा डायमंड्स के नाम से आकाशगंगा मार्केट भिलाई में लाने जा रहे हैं। प्रतिष्ठान के संचालक हर्षित बाघमार ने बताया कि यह प्रतिष्ठान नेचुरल डायमंड की विशाल रेंज एवं आधुनिक डिजाइन से सुसज्जित दुर्ग-भिलाई का पहला एक्सक्लूसिव नेचुरल डायमंड शोरूम रहेगा। यहां पर शादियों के लिए एक्सक्लूसिव नेचुरल डायमंड्स का कंप्लीट कलेक्शन, आकर्षक अंगूठियां, बैंगल्स आदि आपके लिए एक नए अनुभव के साथ रहेगा। प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ 5 जून 2025 को आकाशगंगा भिलाई में होने जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम भिलाई में आयोजित

# निषाद समाज के युवा प्रतिभा का कर रहे प्रदर्शनः विधायक कुंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/भिलाई



छत्तीसगढ़ के निषाद (केवट) समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम भिलाई में आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने खेल, शिक्षा, और व्यवसाय के क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों को साझा किया और उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे, जिन्होंने समाज के विकास और उपलब्धियों की सराहना की।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुंवर सिंह निषाद, विधायक एवं प्रांताध्यक्ष निषाद समाज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा हमारा समाज लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। आज का कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा, खेल और व्यवसाय के क्षेत्र में हमारे युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ राज्य के 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट तीसरा स्थान हासिल करने वाले छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे समाज के बच्चों ने इतनी मेहनत की है। मैं उनके माता-पिता को भी बधाई देना चाहता हूँ, जिन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोहर लाल निषाद, महासचिव प्रदेश निषाद समाज, ने भी समाज के अनेकों सदस्यों की कड़ी मेहनत और संघर्ष की सराहना की। अधिवेशन में उपस्थित अन्य प्रमुख सदस्यों में चंदूलाल निषाद, अध्यक्ष जिला निषाद समाज धमतरी, बालाराम निषाद, अध्यक्ष जिला निषाद समाज रायपुर, और धनेश्वरी निषाद, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने भी अपने विचार साझा किए। धनेश्वरी निषाद ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भी समाज के विकास में महत्वपूर्ण है। हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अलग-अलग पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों और छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन प्रयासों की सराहना करने के लिए दिए गए थे, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस वार्षिक अधिवेशन ने निषाद समाज के सदस्यों को एकजुट होने और आगे की राह में एक-दूसरे का समर्थन करने का एक और अवसर प्रदान किया। समाज के सदस्यों ने एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**खबर संक्षेप**

## बीएसपी में कर्मी घायल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में मंगलवार को फिर एक कर्मचारी घायल हो गया। रेल मिल में फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी निशांत कुल्लू का इंडेक्स फिंगर फैक्चर हो गया। उनके हाथ में ही फायर एंस्टीग्यूसर जांच के दौरान फट जाने से गंभीर रुप से जल गया है। उन्हें उपचार के लिए मेन मेडिलकल पोस्ट के बाद सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। गौरतलब हो कि बीस साल पूर्व ऐसी ही एक दुर्घटना में अमरनाथ नामक एक फायर ब्रिगेड कर्मचारी की मौत हो गई थी।

## सीटू ने मनाया 56 वां स्थापना दिवस

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई द्वारा यूनियन का 56 वा स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। यूनियन कार्यालय में झंडा फहराया एवं शहीद साथियों को श्रद्धाजलि दी गई। शाम सेक्टर 7 कूर्मी भवन में सांगठनिक कार्यशाला हुई। संगठन के अंदर समन्वय, सदस्यता, बैठके, कर्मियों के बीच संपर्क, ट्रेड यूनियन शिक्षा एवं सीटू के सामने चुनौतियों तथा उसका निदान पर चर्चा हुई। सीटू नेताओं ने कमजोरी को दुरुस्त करने के उपायों को भी सुझाया। कहा कि सीटू हर मोर्चे पर खरा उतरा है और मजदूरों को संगठित कर रहा है। आगे बढ़ता रहा 1 इसीलिए आज सीटू संघर्ष का पर्याय बन चुका है। सीटू 2014 से आज तक संयंत्र में चार बार मान्यता चुनाव हुए जिसमें सीटू कभी भी वोट के लिए झूठ नहीं बोला। कर्मियों के बीच मजबूत मुकाम हासिल किया है। खोखेल नारों से दूर मजदूर हितैषी कार्यों से कई समस्याएं सुलझाईं हैं।

## 5 जून को जल परिसर से बंटेंगे निःशुल्क पौधे, सरोज पांडेय की पहल

**दुर्ग।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जल परिसर दुर्ग में निशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा।



पौधों का वितरण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी शुरुआत की है। इसे ही आगे बढ़ाते हुए लोगों को पौधों को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए पौधा वितरण कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य रूप से नीम, आम, पारस पीपल, केशिया स्वामी, बेल, करंज, कटहल, कचनार, रुद्राक्ष, रक्तचंदन के पौधों का वितरण ककिया जाएगा। सरोज पांडेय ने कहा कि पेड़ लगाना बेहद जरूरी है। धरती के श्रृंगार को पूर्ण करने के लिए इस दिन पूरे विश्व मे पौधे लगाए जाते हैं।

## वरिष्ठ आरक्षकों के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग



**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग व एसएसपी विजय अग्रवाल के द्वारा वरिष्ठ आरक्षकों के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में आयोजित की गई। इस दौरान नवीन कानून, लघु अधिनियम के मामलों की विवेचना को लेकर प्रथम सत्र का शुभारंभ आईजी एसएसपी ने किया। आईजी रामगोपाल गर्ग, ने कहा कि अपराध की विवेचना के ट्रेनिंग के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल व्दारा उन्हें नामांकित किया जाना गौरव का विषय है। नोटिफिकेशन के अनुसार ही अपराध की विवेचना के लिए ट्रेनिंग दिया जाएगा। सत्र में जो भी ट्रेनिंग दिया जाएगा उसे ध्यान से सुने और सीखे जो कैरियर में काम आएगा। एफआईआर, विवेचना का मतलब ये नहीं है चालान ही किया जाए। आरोपी के प्वाइंट आफ व्यू से विवेचना करनी चाहिए। कोर्ट में क्या प्रश्न उठाएं जाएगें, इस पर ध्यान देकर विवेचना की जाएं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि चुनिंदा विवेचक बनने के लिए आवश्यक ही कि अपराध की विवेचना का लक्ष्य सत्य की खोज होना चाहिए। ये ट्रेनिंग विवेचना की बारीकियों को सीखने का मौका है। विवेचक के हमराह होकर गंभीर अपराधों की विवेचना भी सीखें। लिखाई पढ़ाई सही की जाए ताकि आरोपी को कोर्ट से सजा हो।

# बच्चों ने सीखा अनुशासन और मिल जुलकर काम करने का सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### स्काउट-गाइड ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्काउट-गाइड ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-2 में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता और विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

महीनेभर भारत स्काउट गाइड जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बीएसपी के विभिन्न विद्यालयों से 70 विद्यार्थियों ने राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्काउट-गाइड के अनुशासित जीवनशैली, सेवा-भावना और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। जीवन में अनुशासन के महत्व पर बल दिया।

ध्वजारोहण के बाद राज्य गीत हुआ। जिला कमिश्नर (स्काउट) विजय सिंह पवार ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं मुख्य जिला आयुक्त, शिखा दुबे ने बच्चों से सकारात्मक सोच और नैतिक आचरण का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने बीपी-6, गांठें बाँधने की तकनीक, प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर निर्माण विधि आदि गतिविधियों का प्रदर्शन किया।



#### बच्चों ने अनुभव बांटे

गाइड सना ने अनुभव साझा किए, जबकि गाइड आराध्या ने योग पर आधारित कविता सुनाई।इस अवसर पर उप महाप्रबंधक आर गर्ग, प्राचार्य रूबी बर्मन राय, कोषाध्यक्ष (स्काउट-गाइड) उर्वशी साहू, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटियार, रेखा पाण्डे, देवेन्द्र कुमार साहू, पवन अग्रवाल, श्री अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आरके गुप्ता, मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक संगीता सागर, पंचराम साहू, जिला संगठन आयुक्त कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू सहित स्काउट-गाइड प्रभारी और प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतलचंद्र शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन जिला कमिश्नर और प्राचार्य, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 की सुमिता सरकार द्वारा किया गया।

### टाउनशिप में बीएसपी व वन विभाग ने लगाए हैं तीस लाख पौधे

# हजारों परिंदों और जीव-जंतुओं के लिए अभयारण्य की तरह है ग्रीन सिटी भिलाई

विमल शंकर झा ▶▶|भिलाई

### कुछ विलुप्तप्राय पक्षियों के लिए वरदान साबित हो रहा









फटाफट क्रिकेट की तरह सरपट विकास की दौड़ में आम शहरों में हर तरफ तेजी से बढ़ रहे कांक्रीट के जंगलों से प्राणवायु देने वाली हरितिमा धीरे धीरे गायब होती जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग से मौसम परिवर्तन और झुलसा देने वाले तापमान की समस्या बढ़ती जा रही है। लेकिन छत्तीसगढ़ में भिलाई एक ऐसी अनूठी ग्रीन सिटी है, जहां शहर में जंगल है कि जंगल के बीच शहर एकबारगी पता ही नहीं चलता। बीएसपी टाउनशिप में चारों ओर फैले लाखों हरे भेरे दरख्त यहां रहने वाले लाखों निवासियों के लिए ही नहीं बल्कि पचासों परिंदों, जानवरों और जीव, जंतुओं के लिए भी वरदान साबित हो रहे हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ पर्यावरण और जैव विविधता में महती योगदान से कई विलुप्तप्राय प्राणियों सहित सामान्य पक्षियों और पशुओं के लिए भी अपना शहर जंगल में मंगल साबित हो रहा है। पर्यावरण से जुड़े लोगों के मुताबिक भिलाई इस्पात संयंत्र और वन विभाग की हरियाली का यह अनवरथ भागीरथी अभियान अन्य शहरों के लिए एक प्रेरक मिसाल है। उल्लेखनीय है कि 1956 में जब विशालकाय भिलाई इस्पात संयंत्र की बुनियाद रखी गई और 59 में 1 मिलियन टन उत्पादन के साथ फौलादी रहवासियों के लिए दसियों किमी लंबी टाउनशिप निर्माण का आगाज हुआ तो दिल्ली से मास्को तक एक ही चिंता थी कि गगनचुंबी चिमनियों और सिगड़ियों से निकलने वाले काले धुआं भविष्य में समस्या न बन जाए। फिर बीएसपी और वन विभाग के सहयोग से 70 के दशक में आधुनिक भारत के निर्माता पं. नेहरु के औद्योगिक तीर्थ को बतौर सुरक्षा कवच प्रदूषण से बचाने शुरु हुआ पौधारोपण अभियान,जो अब तक जारी है। हरियाली की यह ऐतिहासिक मुहिम प्लांट व टाउनशिप के लाखों रहवासियों के साथ यहां के हजारों पक्षियों, जानवरों, कीट पतंगों व जीवों के संरक्षण और नैसर्गिक विकास के लिए संजीवनी बनी हुई है। लोगों को यह जानकर हैरत हो सकती है कि पिछले 60 साल के दौरान टाउनशिप में लगाए गए करीबन 30 लाख छायादार और फलदार पेड़ों का वातावरण कई प्रजातियों के पक्षियों, पशुओं, सरजीवी व जलचरों के लिए किसी अभयारण्य से कम नही है। आम, नीम, जामुन, जाम, शीशम, बरगद, पीपल इमली, अमलतास, बबूल, पलाश आदि आदि पचासों प्रजातियों के पेड़ों की छाया, फल, रस, पराग, पत्तियों के अहार व रहवास से यहां तोते, कोयल, कौआ, कर्रउआं, कबूतर, तीतर, बटेर, गौरैया, बतख, उलूक, चील, गिद्ध नीलकंठ, जलमुर्गी, बगुला, बुलबुल, चकोर आदि 100 से अधिक प्रजातियों के परिंदे की चहचहाट होती रहती है।

#### पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में महती भूमिका

टाउनशिप के लाखों सघन पेड़ों के रहवास में जंगली बिल्ली,गोह,नेवला, लकड़बग्घा,नाग व धामन,असोड़ियां आदि कई प्रजाजियों के हजारों सर्प,गिलहरी, गिरगिट टिट्डे, कीट पतंगों आदि हजारों जीव जंतुओं का संवर्धन और संरक्षण हो रहा है। बीएसपी के महाप्रबंधक उद्यानिकी व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि बीएसपी व वन विकास निगम द्वारा टाउनशिप में 30 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। यह हरियाली पर्यावरण संरक्षण और तापमान को कम करने के साथ कई जीव जंतुओं के संवर्धन के लिए भी उपयोगी साबित हो रहे हैं। हजारो पक्षी फल खाकर उड़ते हुए बीजों को यहां वहां बिखराते भी हैं जिससे भी पौधे बढ़ रहे हैं।

#### विदेशी परिंदों का भी है मेहमानखाना

टाउनशिप की हरियाली कुछ विदेशी पक्षियों को भी आकर्षित करती है। हर साल सायबेरिया और पड़ोसी देशों से यहां चारे और प्रजनन के लिए मैत्रीबाग जू और मड़ौदा टैंक के निकट पचासों प्रवासी पक्षी आते हैं। पर्यावरण से जुड़े नीरज उइके बताते हैं कि विदेशी पक्षियों के लिए यहां समसीतोष्ण जलवायु और पानी, तथा आहार आदि अनुकूल महौल मिलता है। प्रजनन के बाद मौसम बदलते ही यह लौट जाते हैं।

## मुर्गा चौक के पास टूटी सड़क की जल्द हो मरम्मत, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक से की मांग

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के नाम का ज्ञापन आईआर को ज्ञापन सौंपकर मुर्गा चौक के पास जर्जर सड़क को मरम्मत कराने की मांग की है। भारी वाहनों के कारण रोड के टूट जाने के कारण बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। फ्लाईओवर को भी जल्द मरम्मत कर इसे शुरु किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के जीएम जेएन ठाकुर को सौंपा गए ज्ञापन में बताया कि इक्विपमेंट चौक( मुर्गा चौक) सेक्टर 1 से भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी एवं संयंत्र में जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। इस चौक के पास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे यहां दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस चौक से भारी वाहनों के आवागमन को देखते कंक्रीट और सरिया का इस्तेमाल कर भारी वाहनों के अनुरूप चौक के पास की सड़क बनाई जाए। साथ ही जल्द मुर्गा चौक पर बने फ्लाई ओवर का मेंटेनेंस कर इसे भारी वाहनों के लिए खोला जाए ताकि यहां भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बच सके। यूनियन ने सिक्सट्री एवेन्यू एवं फॉरेस्ट एवेन्यू में हुए गड्ढों को जल्द भरने व उनके चौड़ीकरण की मांग की है। जीएम ने यूनियन पदाधिकारियों को समस्या के निदान के लिए प्रबंधन से जल्द चर्चा करने का आश्वासन दिया है।प्रतिनिधि मंडल में महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन, वरिष्ठ सचिव ज्ञानेंद्र पांडेय, के रमन मूर्ति और सचिव डी शंकर व प्रबंधन से महाप्रबंधक विकास चंद्रा एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित उपस्थित थे।

## सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



- जामुल नगर पालिका क्षेत्र में 10 लाख रुपए का सीसी कार्य

**भिलाई।** नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने दस लाख रूपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमारे नगर में बहुत सारे विकास कार्य तेज गति से हो रहा है। जिसका मूर्त रूप शीघ्र ही दिखेगा और हमारे नगर पालिका जामुल के सभी वर्ग के जनता को इसका लाभ मिलेगा। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करें। साथ ही उप अभियंता को कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने का निर्देश दिया। जिससे कि लम्बे समय तक इन कार्यों का लाभ जनता से मिले। श्री ठाकुर ने बताया कि यह सीमेंटीकरण मार्ग शिवपुरी मुख्य मार्ग से पालिका के पीछे दरवाजे तक बनेगा। हमेशा से कहता आया हूं कि हमारे परिषद के सभी जनप्रतिनिधि के सहमति आम जनता के सुझाव और मांग अनुरूप जामुल में विकास होगा। नगर पालिका के अधिकारी उप अभियंता गण का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। जिनके तत्परता से बहुत से वार्डों में विकास हो रहे हैं। भूमि पूजन में पार्षद कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, पूर्व पार्षद अरविंद यादव, सरस बर्मन समेत पालिका के अधिकारीगण मौजूद थे।

## एचएससीएल के वीआरएस कर्मियों को मिले बकाया राशि

- एक्टू ने की आवेदन जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग

**भिलाई।** ऐक्टू के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च न्यायालय के पारित आदेश के मुताबिक एचएससीएल के वीआरएस कर्मचारियों के बकाया राशि के लिए आवेदन लेने की तारीख को बढ़ाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में बृजेन्द्र तिवारी,बीवी देशमुख,आरपी चौधरी, बालेश्वर शर्मा शामिल थे। ज्ञापन में बताया कि 25 फरवरी उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार एचएस सी एल के सभी वीआरएस कर्मचारियों के बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाना है। ज्ञापन में बताया कि इस बाबत एचएससीएल प्रबंधन द्वारा 15 अप्रैल से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू किया गया और 23 मई को अचानक बंद कर दिया गया।

#### मानवीय दृष्टि से करें मदद

प्रबंधन से आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग की गई लेकिन तिथि नहीं बढ़ाई जा रही है। कर्मचारियों को आवेदन लेने की अंतिम तिथि की जानकारी नहीं होने, भिलाई से बाहर होने, अस्वस्थ होने , कर्मचारियों की उम्र 75-80 के मध्य होने आदि कारणों से कई कर्मचारी आवेदन जमा नहीं कर पाए हैं। कई श्रमिकों की मृत्यु भी हो चुकी है।जनवादी मजदूर एकता केंद्र संबंध (ऐक्टू ) ने मांग किया है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आवेदन जमा करने की तिथि कम से कम 30 दिन बढ़ाई जाए। ताकि कर्मचारी आवेदन जमा कर सके और उन्हें बकाया राशि का भुगतान अविलंब कराया जाय।

## समरालु पूजन उत्सव में शामिल हुए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव



भिलाई। आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के तटवर्ती गांव मेट्टूरु में माता कोण्ड महांकाली माता का उत्साव मनाया जा रहा है। इन उत्सवों को यहां की प्रान्तीय भाषा में सम्बरालू कहा जाता है। इस पावन धार्मिक आयोजन में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर माता की आराधना की। मंगलवार को ग्राम देवी श्री श्री श्री कोडम्मा महाकाली देवी के मंदिर में भव्य पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है। इसमें विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। माता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। माता की पूजा अर्चना कर हाथ जोड़कर उन्होंने सब की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने आंध्रा समाज के वशिष्ठ व सम्मानित नागरिकों का दिल से आभार जताया और कहा कि अगर वे उन्हें निमंत्रण नहीं दिए होते तो वे इस पावन पर्व में शामिल नहीं हो पाते। यहां आकर देवी माता की पूजा में शामिल होकर ऐसे लगा जिसका बया करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। आप को बता दे कि यहां आसपास अक्कूपल्ली, मेट्टूरू सहित कई गांव है। जहां के लोग भिलाई में रहते है। उनका परिवार इन गांवों में बसते है। उन सब से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक श्री यादव बारी बारी से सभी से मिले। सब का कुशल क्षेम जाना। बड़ों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

## दुर्ग-पलासा-बरहमपुर के लिए नई ट्रेन शुरू करने उठी मांग

**भिलाई।** दुर्ग से पलासा-बरहमपुर व्हाया विजयनगरम रेल सुविधा को लेकर भिलाई से लंबे समय से मांग उठ रही है। इसे लेकर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन दिल्ली पहुंच गए हैं। वे दिल्ली में रेल के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बता दें कि रिकेश सेन पहले जम्मू पहुंचे, जहां से वैष्णोदेवी के दर्शन के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान भिलाई के उत्कल और आंध्र समाज प्रमुखों से उन्होंने फोन पर चर्चा की। पलासा सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग पर उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही रेलवे के अधिकारियों से इस बारे में चर्चा करेंगे। सेन ने बताया कि सीमावर्ती आंध्र और उत्कल समाज की मांग पर दुर्ग से पलासा, बरहमपुरम तक व्हाया विजय नगरम नई एक्सप्रेस रेल सुविधा प्रारम्भ के संबंध में उन्होंने 14 दिसंबर 2024 को केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र दिया था। आन्ध्र और उत्कल समाज के एक लाख लोग अपने पैतृक गांव आन्ध्रप्रदेश, श्रीकाकुलम एवं सीमावर्ती उड़ीसा राज्य में भिलाई दुर्ग से आवागमन करते हैं। सीधी रेल सुविधा उपलब्ध न होने के कारण आवागमन में उन्हें काफी परेशानी होती है। दुर्ग से पुरी चलती है। वह टिटलागढ़ से कट कर पुरी जाती है, जिससे विजयानगरम, बरहमपुर और सीमावर्ती क्षेत्र से लगे आंध्र और उत्कलवासियों को इस ट्रेन का सीधा लाभ नहीं मिल पाता।



**PRISM COLLEGE MAHKAKHURD UTAI**

(Under the aagis of Saroj Gopal Educational Society)
AFFILIATED TO HEMCHAND YADAV UNIVERSITY, DURG, CG

**APPOINTMENTS**

Applications are invited for the following posts:

| S.N. | Post | Subjects | No. of Post | Salary |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Assistant professor | Accounting<br>Economics<br>Business Studies<br>Business Law<br>Statistics<br>Computer Application | 01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01 | Salary As Per UGC Norms |
| 2 | Librarian | Assistant Librarian | 01 | |

Qulification, experience and Pay Scales as per UGC, norms. Interested and eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials and passport size photograph within 15 days of this advertisement to whatsapp +91 92018 36713 or mail it to prismclg@gmail.com

CAMPUS : MAHKAKHURD, UTAI, TAHSIL PATAN, DIST DURG, CHHATTISGARH, PIN 491107

### राम नगर में पानी टंकी निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में चर्चा की

# वैशाली नगर में विकास कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 के वार्डों में हो रहे विकास कार्यो का निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण किया। यहां प्रमुख रूप से राम नगर में पानी टंकी का निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में चर्चा की। पानी टंकी का निर्माण समयवाधि के अन्दर हो जाना चाहिए। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को प्रयाप्त मात्रा में पीने का पानी मिल सके। अभी पानी का प्रेशर कम होने से समस्या हो रही है। गौरव पथ के समीप निर्मित मंगध तेली सामाज द्वारा सार्वजनिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसे वहा शादी विवाह, पार्टी के लिये किराये में देता है। प्रांभिक रूप से देखने में लगा की आबंटित भूखण्ड से अतिरिक्त सार्वजनिक भूखण्ड मे कब्जा कर करके बनाया गया है। कुछ नाले की जमीन भी दबा दी गई है। भवन का किराया प्रतिदिन 75000 रूपये के हिसाब से किराये लिया जा रहा है। प्लाट का सीमांकन करने के लिये भवन अधिकारी को निर्देशित किये।



#### तालाब का किया निरीक्षण

हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब में नियमित रूप से जल भराव बरसात के पानी से कैसे किया जाये। इसके बार में कार्ययोजना बनाने के लिये, एवं तालाब के चार तरफ वृक्षारोपण करने का भी निर्देशित किये। गौरव पथ पर लगे वाटर एटीएम के कैंश मशीन काम नही कर रहा है। उसको ठीक करने के लिये निर्देशित किये। बरसात को देखते हुऐ वार्ड क्र. 29 में नालियों एवं बडे नालों की सफाई की जा रही है। वार्ड पार्षद संजय सिंह के साथ वार्डो में भ्रमण किया गया। जल भराव क्षेत्र में साफ-सफाई किया जा रहा है।

#### पार्षद ने उठाया अतिक्रमण का मुद्दा

पार्षद संजय सिंह द्वारा जानकारी दी गई की बहुत सारे नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे नाली की सफाई करने में परेशानी हो रही है। मै स्वयं सबके पास चलकर के नाली के ऊपर से कब्जा हटावाने मे सहयोग करूगा। कुछ लोगों के कारण सभी को समस्या का समाना करना पड़ रहा है। आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किया कि नाली के ऊपर अतिक्रमण को हटाते समय यह ध्यान दिया जाये कि, जितने से काम चल सके, सफाई अच्छी तरह से हो सके उतना ही तोड़ा जावे। किसी को भी अनावश्यक परेशानी का समाना नहीं करना पड़े।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



अतीत की वापसी


**लाइव इवेंट**

## भिलाई-दुर्ग के लेखकों की लिखी ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन



**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग के लेखक बद्रीप्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, शिवकुमार गायकवाड़ डॉ. अशोक साहू, डॉ. शिरोमणि माथुर, विजय दिल्लीवार, स्मिता वर्मा द्वारा लिखित शोधपरक आलेखों की किताब का विमोचन ग्राम चीचा में हुआ। सभी प्रतिभागी लेखकों का भावपूर्ण-सम्मान इस अवसर पर किया गया। विराट केवट समाज के महासम्मेलन में विधायक कुंवर सिहं निषाद विधायक एवं ललित चंद्राकर ने पुस्तक शहीद दुर्वाशा लाल निषाद एवं बालोद जिला का विमोचन किया। इस अवसर पर पुस्तक के संपादक डॉ. परदेशीराम वर्मा तथा सभी सहयोगी लेखकों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र से किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन वैभव प्रकाशन रायपुर से किया गया। 352 पृष्ठों की किताब में पचास रंगीन चित्र हैं। शहीद दुर्वाशालाल निषाद के गांव तथा क्रांतिकारी आदिवासी अग्रदूत कंगला मांझी के गांव बघमार सहित बालोद जिले के ऐतिहासिक स्थल, विशिष्ट व्यक्तित्वों तथा इतिहास पर आलेख हैं। इस अवसर पर पत्रकार, साहित्यकार, लोककलाकार, समाजसेवी उपस्थित थे। दोनों अतिथि विधायकों ने लेखकों के प्रयास को सराहते हुए इसी तरह अन्य जिलों के सांस्कृतिक इतिहास पर केन्द्रित पुस्तक के प्रकाशन का सुझाव दिया। शहीद दुर्वाशालाल निषाद के पिता मुनीलाल निषाद इस पुस्तक के प्रस्तोता हैं। वे मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## मेडिकल और इंजीनियरिंग फील्ड में करियर गाइडेंस के लिए फ्री में मिलेंगे टिप्स

**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित मोशन एजुकेशन सेंटर में अब फ्री में करियर गाइडेंस मिलेगी। मुख्य रूप से इंजीनियरिंग और मेडिकल फील्ड में युवाओं को इस बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था प्रमुख नितिन पंडया ने बताया कि बचपन और युवा अवस्था के अपने सपनों में अक्सर लोग मेडिकल या चिकित्सा जगत के पेशेवर लोगों को देखते हैं। इसी प्रकार इंजीनियरिंग जगत के पेशेवर लोगों को देखते हैं।



अपने जीवन में भी इन्हीं कार्यक्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं, लेकिन अपने सपनों के करियर को हकीकत में बदलने के लिये उन्हें सही समय पर उचित मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है, क्योंकि बात भी तो उन्हीं के करियर की है। कहा जाता है कि किसी भी बनने वाली इमारत की मजबूती का अनुमान उसकी नींव की मजबूती से होता है। इसी प्रकार किसी भी क्षेत्र के करियर में सफलता उस कैरियर की नींव पर निर्भर करती है। मेडिकल और इंजीनियरिंग करियर की नींव आजकल के छात्र-छात्राओं में कक्षा 8वीं में पड़ जानी चाहिये, ताकि 10वीं पास करने के बाद 11वीं में चयनित करियर के अनुसार उच्च शिक्षा हेतु विषयों का चयन किया जाये। 9वीं से लेकर 12वीं तक छात्र-छात्रायें स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ अपने चयनित करियर के दूसरे व सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव यानि मेडिकल और इंजीनियरिंग एन्टेरेंस परीक्षा की भी तैयारी भी करते रहें। इससे ये फायदा होगा कि नीट जेईईई जैसी परीक्षाओं में अच्छे अंक आने पर देश के चयनित बेहतरीन मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में उनका प्रवेश बहुत ही आसान हो जायेगा। अब रह गया तीसरा चरण जिसमें कॉलेज की पढ़ाई में केवल 4-5 वर्ष ध्यानपूर्वक पढ़ने पर और परीक्षा उत्तीर्ण करने पर चयनित कैरियर में आपका भविष्य उज्जवल है। इस संबंध में सारी जानकारी न्यू सिविक सेंटर स्थित मोशन की ब्रांच से ली जा सकती है।

**सिटी इवेंट**

## लोक गायक भगवती साहू ने किया हरीश केशव का सम्मान

**भिलाई।** ग्राम कुरा धरसीवा निवासी लोक गायक व दूरदर्शन कलाकार भगवती साहू ने समाजसेवा और कला के क्षेत्र में हरि मानस परिवार उरला के कथा वाचक हरीश साहू, गायक केशव साहू व भजन गायिका बिंदिया साहू का सम्मान किया।



70 के दशक के संगीतकार, गीतकार, गायक भगवती साहू बहुत ही कम उम्र में प्रसिद्धि पाने वाले कलाकार हैं। वे लोकगायक पंचराम मिर्जा को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने ही मंच में लोक गायन के लिए मौका दिया। भगवती साहू ने खूब तालियां बटोरी। तब भगवती साहू लोक कलामंच, गंवई के फूल में गायक के रूप में उभरा। उनका गीत दुर्ग, भिलाई, रायपुर म तोला छांद डरेव, ए ददा गो मोर बर खोज के लान दे टूरी, मैं ह लानेव रायपुर ले लुगरा, रद्दा म हो जाहि सांझ वो मोला ते अगोर लेबे जैसे सुपरहिट पारंपरिक गीत प्रसिद्ध हुए। वही धार्मिक मानस में प्रसिद्ध हुए गीत श्रवण बेटा ल काबर मारे बाण राजा दसरथ, शिवपार्वती बीहाव, हरिश्चंद्र दानी , सती कथा जैसे सैकड़ों गीत बहुत ही प्रसिद्ध हुए। वे 50 सालों से कला के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं।

**5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, इस उपलक्ष्य पर नगर निगम दुर्ग ने 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित की प्रतियोगिता**

# बच्चों ने चित्रों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, केनवास पर हरे-भरे पेड़ पौधे, जानवर, स्वच्छ वातावरण, पर्यावरण प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन को उकेरा

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है। इसे लेकर नगर निगम दुर्ग में शहर के बच्चों के लिए एक अनोखा आयोजन किया गया। निगम के सभागार में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए अलग-अलग कैटेगरी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 150 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। पर्यावरण दिवस के पूर्व प्रकृति के प्रति बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चो को जिम्मेदार बनाने आयोजित इस स्पर्धा में चित्रकारी के अलग-अलग रंग देखने को मिले। बच्चों ने रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।पर्यावरण दिवस के पूर्व प्रकृति के प्रति बच्चों का उत्साह-बच्चों ने अपने चित्रों में प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। इसमें हरे-भरे पेड़, पौधे, जानवर और स्वच्छ वातावरण, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन को लेकर जागरूक किया।







**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूक करना था। मेयर अलका बाघमार और पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, पर्यटन संस्कृति प्रभारी हर्षिका जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चो को शामिल किया गया, जिसमें बच्चे सुबह 8 बजे से अपने अपने अभिभावक के साथ पहुंचे। वहीं बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता के लिए रिजु ताम्रकार ने ड्राइंगशीट उपलब्ध कराया गया। साथ ही बच्चों को गाइडेंस दिया। चित्रकार मनीष ताम्रकार भी इस दौरान मौजूद थे। बच्चों ने चित्रों में प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। उन्होंने अपने चित्रों के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता भी दिखाई। बाघमार ने कहा कि बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार साझा करने का एक मंच मिला। निगम द्वारा आयोजित यह चित्रकला प्रतियोगिता बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस प्रतियोगिता ने बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पार्षद लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, सरिता विनोद चंद्राकर, मनीष साहू, साजन जोसेफ, मनीष कोठारी, सरस निर्मलकर, सरोज कोसरे, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह, लिलेश्वरी साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### श्रेष्ठ पेंटिंग को मिलेगा पुरस्कार, पर्यावरण दिवस पर होगा सम्मान समारोह

सभापति श्याम शर्मा ने कहा यह प्रतियोगिता प्रकृति के प्रति बच्चों को जिम्मेदार बनाने और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, और इसमें बच्चों ने रचनात्मकता से भाग लिया। पर्यवारण प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा 5 जून को मनाया जाता है, इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा निगम ने भी इसी क्रम में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया,उन्होंने बताया कि विजेता बच्चो को पर्यवारण दिवस पर अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। हर्षिका जैन ने कहा मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के बारे में शिक्षित करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। उन्होंने कहा प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखा गया।प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## सुखदेवराज की दुर्ग में बिखरी स्मृतियों को संजोकर रखेंगे साहित्यकार, चलेगा अभियान

**भिलाई।** भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) के भिलाई-दुर्ग चैप्टर की बैठक हुई। इंटेक के राज्य संयोजक अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में कान्हाजी होटल में हुई बैठक में चंद्रशेखर आजाद के करीबी रहे क्रांतिकारी सुखदेव राज पर चर्चा हुई। बैठक में वरिष्ठ साहित्यकार सरदार गुलबीर सिंह भाटिया ने सुखदेव राज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगत सिंग, राजगुरु और सुखदेव के बारे में सभी जानते हैं। सुखदेव राज को लोग सुखदेव समझ लेते हैं, पर दोनों अलग-अलग हैं। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने फांसी दे दी थी। इनमें शामिल सुखदेव का पूरा नाम सुखदेव थापर था। उन पर यह चर्चा है वे सुखदेव राज महेंद्रा थे। जब आजाद को कंपनी बाग में घेर लिया गया तो ये उनके साथ थे। आजाद ने उन्हें भाग जाने को कहा। दीवार फांदते समय सुखदेव के पैर में गोली लग गई थी। 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की मृत्यु हाथ में बम फटने से हुई थी। तब सुखदेव उनके करीब थे। इस बम का एक टुकड़ा उनके पेट में धंस गया था। यह जख्म कभी भरा ही नहीं। इसी जख्म के चलते दुर्ग में ही 1972 में उनकी मृत्यु हो गई।



**अंडा में बने स्मारक को सहेजने और संवारने की जरुरत:**

पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अंडा स्थित सुखदेव राज के स्मारक खतरे में है। यहां स्थित प्रतिमा स्थल को बचाने व संरक्षित करने की आवश्यकता है। इंदिरा मार्केट स्थित उनके स्मारक स्थल पर अब नगर निगम मल्टीलेवल पार्किंग बनाने तैयारी में है। पेंशनर संघ इन्हें पिछले 10 साल से इन्हें बचाने की कोशिश कर रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्रांतिकारी सुखदेवराज महेंदा के 12-13 वर्ष के दुर्ग ज़िले में प्रवास को विरासत के रूप में अगली पीढ़ी के लिए स्मृतियोग बनाए रखने के लिए मिल जुलकर प्रयास किया जाएगा। इंदिरा मार्केट के निकट उनके प्रवास के स्थल को स्मारक के रूप में विकसित करने, यहां उनकी प्रतिमा लगाने तथा अंडा जहां उन्होंने कुछ रोगियों की सेवा हेतु उनका आश्रम था।

## तीन दशक बाद स्कूल के दोस्तों का मिलन, पुराने दिनों को किया याद

**दुर्ग।** महावीर जैन विद्यालय के 1995 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का 30 वर्षों बाद पुनर्मिलन समारोह एक प्रसिद्ध रिसॉर्ट में आयोजित हुआ। इस मिलन में मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर सहित देश के कई शहरों से छात्र विशेष रूप से शामिल हुए। आयोजन में केजी-1 से लेकर 12वीं तक साथ पढ़ने वाले सभी छात्र उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बचपन की यादों को फिर से जीवंत किया। सभी साथियों ने अपने अनुभव, यादगार किस्से और भावनात्मक क्षण साझा किए। कुछ ने कविता, तो कुछ ने उस दौर की मज़ेदार घटनाओं से सबको भावुक और हर्षित कर दिया। इस अवसर पर आशीष कश्यप, जीतेश जैन, अभय जैन, अमित दत्ता, आलोक पहाड़ियां, दीपक चावडा, आशीष साहू, आशीष सेठी, आनंद जैन, सजीव दुग्गड, लीना देवांगन, लोरी शर्मा, वन्दना,श्वेता, अनीता, श्रेयांस जैन, अमरजीत सिंग, दीपक राठी, रितेश, नवनीत सहित अन्य मौजूद थे।



**इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की हुई बैठक**

**कार्नर न्यूज**

## इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग टेक्निक से बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक समझ, इनोवेटिव आइडिया की सोच होगी डेवलप

**भिलाई।** इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडसट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की मासिक बैठक भिलाई निवास काफी हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व अधिकारी एवं चैप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने की। हर महीने की पहले रविवार को आयोजित होने वाली इस बैठक में इंस्टीट्यूशन के वरिष्ठ इंजीनियर सदस्य, शिक्षाविद एवं उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में बच्चों एवं युवाओं की लक्षित गतिविधियों एवं इंडस्ट्री-एकैडमिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं के लिए स्कूल-कालेजों में इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक से संबंधित विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, दक्षता एवं कार्य क्षमता का विकास होगा। उन्होंने जून माह के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना साझा की। बैठक में उपस्थित गांधी विद्यापीठ स्कूल राधिका नगर के सचिव बलबीर सिंह सहगल ने इस पहल को अपने विद्यालय में लागू करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



### स्कूली बच्चों के लिए तैयार किया जा रहा नया मॉड्यूल

बैठक के आरंभ में चैप्टर के सचिव अवनीश दुबे ने पिछले माह की गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए इंजीनियरों द्वारा तैयार किए जा रहे इंडसट्रियल इंजीनियरिंग आधारित शैक्षणिक माड्यूल की जानकारी साझा की, जिनका उद्देश्य बच्चों में संरचित सोच और समस्याओं के समाधान की क्षमता का विकास करना है। बैठक में उपस्थित एम.पी. क्रिश्चियन कॉलेज के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी. एस. राव ने अपने कॉलेज में इंस्टीट्यूशन का स्टूडेंट चैप्टर शुरू करने में रुचि दिखाई।

### उद्योग और शिक्षा का साथ में आगे बढ़ना आवश्यक

एबीस ग्रुप के अधिकारी पी. हरि ने इंस्टीट्यूशन के साथ उद्योग-शिक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में समर्थन जताया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 8-9 अगस्त 2025 को तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाले इंस्टीट्यूशन के 67वीं राष्ट्रीय अधिवेशन में भिलाई चैप्टर से एक प्रतिनिधि को नामित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ इंजीनियर सदस्य डॉ. कांतीलाल विश्वकर्मा, बिजॉय कुमार सराफ, देवेंद्र सिंह बराड़, वीके सिंह, संतोष कुमार अग्रवाल, मोहम्मद आरिफ खान उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने मासिक बैठक की निरंतरता बनाए रखने और समाज निर्माण हेतु बच्चों एवं युवाओं में तकनीकी सोच को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



## सिटी लाइव

# राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों ने लिखी ब्रेललिपि पुस्तक आपदा से सबक



**भिलाई ।** दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों पर केंद्रित ब्रेललिपि पुस्तक 'आपदा से सबक' का विमोचन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा अपने आवास में किया। राज्य के तीन शिक्षकों राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त के शारदा, धर्मानंद गोजे तथा प्रीति शांडिल्य ने यह पुस्तक लिखी, जो प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आग, चक्रवात के दौरान सुरक्षा उपायों, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रभावितों के पुनर्वास जैसे विषयों पर केंद्रित है। साथ ही पुस्तक में कोविड-19 जैसी जैविक आपदाओं से सुरक्षा के उपाय भी सम्मिलित किए गए हैं। पुस्तक का विमोचन शिक्षकों और विद्यार्थियों की मौजूदगी में किया गया।

■ उप मुख्यमंत्री साव ने किया विमोचन

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री साव ने पुस्तक को जीवन रक्षक मार्गदर्शिका करार देते हुए कहा कि यह दृष्टिबाधित बच्चों के लिए महज पठन सामग्री नहीं, बल्कि जीवन रक्षक उपकरण है। आपदा की घड़ी में यह उन्हें आत्मरक्षा, सूझबूझ और सुरक्षित रहने की दिशा में प्रशिक्षित करेगी। उन्होंने पुस्तक के रचयिता शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास निश्चित रूप से मील का पत्थर सिद्ध होगा। संपादक मंडल की यह पहल न केवल दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में कदम है, वरन समावेशी शिक्षा के लिए सार्थक प्रयास भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार भविष्य में इस तरह के प्रयासों को सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। संपादक मंडल द्वारा रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, कांकेर, कबीरधाम, जशपुर, आमाखेड़ा, मनेंद्रगढ़, राजनांदगांव, कुनकुरी, पामगढ़, कोरबा, भिलाई के कैंप 01, हीरापुर, रायगढ़, धमतरी, बैहामुंडा, बागबहरा के 20 दृष्टिबाधित विद्यालयों में पुस्तक की सौ प्रतियों के निःशुल्क वितरण किया जाएगा। संपादक मंडल ने भविष्य की योजनाओं पर रोशनी डालते हुए बताया कि आने वाले वर्षों में सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आत्मरक्षा एवं कानून, वित्तीय साक्षरता पर आधारित ब्रेललिपि पुस्तकें प्रकाशित की जाएंगी। इस अवसर पर पुस्तक की संपादक के शारदा, सह संपादक धर्मानंद गोजे तथा प्रभारी प्रीति शांडिल्य ने भी अपने विचार रखे।

## लाइव इवेंट

# नवाचारी 6 शिक्षकों सहित वर्षा को मिला राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024- 25 का आयोजन जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान रायपुर एससीईआरटी में आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला दुर्ग से 6 शिक्षकों का को सम्मानित किया गया जिसमें दुर्ग विकासखंड से निधि जैन, शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई की वर्षा यादव, रेखा भरदिया, धमधा विकासखंड से दुलारी ध्रुव ,पाटन विकासखंड से ओमप्रकाश पांडे को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र, प्रतिक चिन्ह और पेन भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जे.पी. रथ अपर संचालक एस.सी.ई.आर.टी., डॉ बी. रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बी.एल. देवांगन डाईट प्राचार्य, डॉ एस.के. जैन डाईट रायपुर, के.के. साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी, अंकित महिपाल जिला दुर्ग से एडमिन टीम डॉ प्रज्ञा सिंह, पवन सिंह सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में लगातार सहयोग के लिए डॉक्टर प्रज्ञा सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## समाज इवेंट

# गायत्री जयंती व गंगा दशहरा का पर्व 5 को, मंदिरों में होंगे हवन-पूजन



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अंचल के सभी गायत्री मंदिरों और प्रज्ञा संस्थानों में 5 जून को गायत्री जयंती और गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। इस दौरान पवित्र नदी गंगा का अभिषेक, पूजन कर आरती की जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री मंदिर केम्प-2 पॉवर हाउस भिलाई, गायत्री शक्ति पीठ रामनगर, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, प्रज्ञा पीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री प्रज्ञा पीठ खुर्सीपार, प्रज्ञापीठ छावनी बस्ती, प्रज्ञा मंडल ए मार्केट सेक्टर-6, सेक्टर-4, कोहका, कुरूद, उम्दारोड़ भिलाई-3, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य प्रज्ञामंडल शांतिनगर सुपेला भिलाई-दुर्ग, धनोरा, खम्हरिया, उतई, कसारीडीह, कादम्बरी नगर दुर्ग सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों और प्रज्ञा संस्थानों में 5 जून को गायत्री जयंती और गंगा दशहरा का पावन पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभावपूर्वक मनाये जायेंगे। पर्व पूजन के एक दिन पहले 4 जून को संबंधित सभी स्थानों में विश्वशांति के लिए 12 घंटे तक गायत्री मंत्र से मौन मानसिक जप करेंगे। अगले दिन 5 जून को 9 बजे से गायत्री यज्ञ के साथ वेदमाता गायत्री और माँ गंगा का अभिषेक, पूजन कर आरती की जाएगी।

● आनंद सरोवर बघेरा में कर्नाटक की वीणा बहन ने श्रीमद् भागवत गीता का बताया आध्यात्मिक रहस्य

# अगर व्यवहार आपका ठीक नहीं है तो कोई भी व्यक्ति आपके ज्ञान से प्रभावित नहीं हो सकता: बीके वीणा

**दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में श्रीमद् भागवत गीता के आध्यात्मिक रहस्य को सरल ढंग से स्पष्ट करने वाली प्रखर वक्ता कर्नाटक की ब्रह्माकुमारी वीणा बहन का एक दिवसीय व्याख्यान हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप लोगो को कितनी भी अच्छी बात और ऊंचा ज्ञान सुना दीजिए, लेकिन अगर व्यवहार आपका ठीक नहीं है तो कोई भी आपकी ज्ञान से प्रभावित नहीं होगा। साथ ही उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता के आध्यात्मिक रहस्य को भी समझाया।**



### पांच सौ से अधिक प्रेरणादाई उद्बोधन दे चुकीं है: वीणा

ब्रह्माकुमारी वीणा बहन का रायपुर में होने वाले तीन दिवसीय \२गीता ज्ञान महोत्सव\२ के अंतर्गत एक दिवसीय प्रवास पर दुर्ग आगमन हुआ। अब तक उनके द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के आध्यात्मिक रहस्य पर पांच सौ से अधिक प्रेरणादाई उद्बोधन दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही 140 से अधिक देशों में प्रसारित होने वाले ब्रह्माकुमारीज के पीस ऑफ माइंड चैनल पर 360 धारावाहिकों का प्रसारण किया जा चुका है। इसके अलावा गीता ज्ञान और तनाव मुक्त जीवन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, गीता रहस्य और खुशहाल जीवन जैसे जीवनोपयोगी जैसे विषयों पर देश के विभिन्न स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालयों में समय-समय पर आपके व्याख्यान आयोजित होते रहते हैं।

### अपने विचारों पर अटेंशन रखें

मंगलवार को व्याख्यान के दौरान वीणा बहन ने बताया कि आप कितना भी ऊंचा ज्ञान सुना दीजिए, लेकिन अगर व्यवहार आपका ठीक नहीं है तो कोई भी आपकी ज्ञान से प्रभावित नहीं होगा। अंदर अगर कड़वापन है तो झलकता क्या है? ये प्रश्न उठता है, ज्यादा देर तक आप अपनी वाणी का प्रभाव नहीं डाल सकते, अंदर भाव जो है ना वह अपने आप बाहर आ ही जाता है इसलिए हमें अटेंशन रखना, अपने भाव पर, स्वभाव पर स्व की भावनाओं पर जो आत्मा का ओरिजिनल स्वभाव है स्वधर्म है। पवित्रता, सुख, शांति, आनंद, प्रेम उसे जागृत करना है।





### निराकार परमपिता परमात्मा हैं शिव

उन्होंने बताया कि हमारे घर में प्रतिदिन गीता पाठ होता था, गीता के एक श्लोक यान्ति देव-व्रत देवं पितृन यान्ति पितृ-व्रत:भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद-यजिनो 'पि माम जिसका अर्थ है जो लोग देवताओं की पूजा करते हैं वे देवताओं के बीच जन्म लेंगे, जो लोग भूत-प्रेतों की पूजा करते हैं वे ऐसे प्राणियों के बीच जन्म लेंगे जो पितरों की पूजा करते हैं, वे पितरों के पास जाते हैं, और जो मेरी पूजा करते हैं, वे मेरे साथ रहेंगे। इस श्लोक के द्वारा ही भगवान व परमात्मा के प्रति मेरी खोज प्रारंभ हुई और ब्रह्माकुमारीज में आकर यह पूर्ण हुई की किस प्रकार निराकार परमपिता परमात्मा शिव साधारण मनुष्य तन का आधार लेकर सच्चा गीता ज्ञान दे रहे हैं और मानव को देव बना रहे हैं।

## दुर्ग-भिलाई युवा हुए शामिल

# कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को मिला जॉब साक्षात्कार के बाद मिला अपॉइंटमेंट



**भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में ओपन कैंपस ड्राइव**

**भिलाई।** पढ़ाई के बाद बच्चों को करियर बनाने जहां तहां भटकना पड़ता है। जिससे उनमें निराशा आ जाती है और अवसाद से घिर जाते है। इस समस्या को दूर करने भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने प्री-प्लेसमेंट टॉक, एप्टीट्यूड टेस्ट, तकनीकि साक्षात्कार और एच आर राउंड को पास कर जॉब हासिल किया और कंपनी दवरा उन्हें तत्काल अपांइनमेंट लेटर भी दिया गया। याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक वैश्विक ऑटोमोटिव सप्लायर कंपनी है जो ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए वायर हार्नेस की इंजीनियरिंग, डिज़ाइन और प्रोडक्शन करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण और प्लेसमेंट टी एन पी अधिकारी प्रियंका साहू के मार्गदर्शन में किया गया था। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के अच्छी कंपनी में करियर बनाने की सोच रखने वाले बड़ी संख्या में उन छात्रों के लिए यह कैंपस ड्राइव आकर्षण का केंद्र रहा। भर्ती प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, एप्टीट्यूड टेस्ट, तकनीकि साक्षात्कार और एच आर राउंड शामिल थे। जिसमें याजाकि प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने छात्रों द्वारा दिखाए गए उत्साह और तैयारी पर प्रसन्नता व्यक्त किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयनित छात्रों को तत्काल नियुक्ति पत्र प्रदान कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। यह कैंपस प्लेसमेंट भारती विश्वविद्यालय द्वारा उद्योग और शैक्षणिक संस्थाओं के बीच संबंधों को मजबूत करने और महाविद्यालय के लिए करियर प्लेसमेंट को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**भिलाई।** नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं की सीटों में दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये आवेदन प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र 2026-27 की सीटों में दाखिला के लिए शुरू की गई है। नवोदय विद्यालय में क्लास 6, 9 और 11 में नए स्टूडेंट्स का एडमिशन लिया जाता है। फिल्हाल जेएनवी क्लास 6 एडमिशन प्रक्रिया 2026 के लिए फॉर्म जारी किए गए हैं। इच्छुक बच्चों के अभिभावक दाखिला के लिए 29 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। नवोदय की कक्षा 6 की सीटों में दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। जवाहर नवोदय विद्यालय में क्लास 6 में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## आयोजन की तैयारी में जुटा समाज

# राजपूत क्षत्रिय समाज का प्रदेश स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह 7 को



**फिजूलखर्ची रोकने की जा रही पहल**

**दुर्ग।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह उप समिति दुर्ग के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन 7 जून को महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकर नगर, दुर्ग में आयोजित किया गया। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रचार सचिव डा. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि समाज को फिजूल खर्ची से बचाने, बाहरी आडंबर, ताम-झाम से बचने राजपूत समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन महासभा स्तर पर प्रत्येक वर्ष किए जाते हैं। समाज के लोग चाहे वह आर्थिक रूप से सक्षम हो या निर्धन, सभी वर्ग स्वजाती को अपने पुत्र-पुत्री का विवाह समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह में और बिना संकोच के सामूहिक विवाह में शादी करने की अपील की है। ताकि हमारा समाज बाहरी आडंबर एवं फिजूल खर्ची से बचे और विवाह में जो राशि की बचत होगी वह पुत्र पुत्री के भविष्य को बनाने में उपयोग हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर बजरंग सिंह बैस अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता उप समिति दुर्ग के अध्यक्ष ठा.नरेंद्र सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह राजपूत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज सिंह भुवाल उपाध्यक्ष, नीरज सिंह क्षत्रिय कोषाध्यक्ष, अशोक सिंह महासचिव, सत्येंद्र सिंह सहसचिव, घनश्याम सिंह चौहान उप सचिव, अजय सिंह संगठन सचिव, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर प्रचार सचिव, रश्मि सिंह महिला अध्यक्ष, श मधुबाला सिंह महिला सचिव, अनुराग सिंह युवा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह युवा सचिव शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी 37 उप समिति के राजपूतों को कार्यक्रम में उपस्थित होने आह्वान किया गया है।

## सद्गुरु कबीर वाटिका केनाल रोड खुर्सीपार भिलाई में हुआ आयोजन

# जात पात पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरी का होई मनाया कबीर साहेब का प्रकटोत्सव, निकली शोभायात्रा

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** सदगुरु कबीर वाटिका केनाल रोड खुर्सीपार भिलाई में नवयुवक मंडल खुर्सीपार भिलाई और आमिन माता भजन मंडली द्वारा सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जात पात पूछे नही कोई, हरी को भजे सो हरी का होई,,, के विचार के साथ आयोजित किया गया था ताकि सभी समाज एक होकर एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकें। कबीर साहेब के प्रकट उत्सव के आयोजन में महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जहां यात्रा का जगह-जगह स्वागत कर शरबत का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान धर्म नगर दामा खेड़ा से चुनमुन दीदी और प्रमोद साहेब उपस्थित हुए और उन्हें अपने बीच पाकर कबीर धर्मावलंबी को गदगद हो गए।



### भक्तों ने लिया सत्संग का लाभ

इस अवसर सबसे पहले कबीर साहेब की पूजा- आरती के साथ ही निशान पूजन किया गया। जिसके बाद आमीन माता भजन मंडली राम नगर केंप 1 तथा खुर्सीपार भजन मंडली द्वारा आध्यात्मिक निर्गुण भजन कीर्तन करते हुए भक्ति भावना से प्रेरित किया गया। संतों और महंतों द्वारा सत्संग और प्रवचन दिया गया, जिसका लाभ सभी अनुयायियों को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता खेमचंद साहेब ने किया। इस अवसर पर उनके स्वागत में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही शर्बत और खीर पुड़ी प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में अध्यक्ष खेमचंद साहेब, कोषाध्यक्ष हरीश चन्द्र साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहेब, संरक्षक पितांबर साहेब, पुजारी संत भुवनेश्वर साहेब, महंत रुपकला साहेब, सचिव दीपक साहू, चिन्ता राम साहू, विजय कुमार साहू, रामेश्वर साहू, तोरण साहेब, सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, कृष्ण कुमार सोनबोईर, संत कल्याण साहेब, तारा माई, बीना मानिकपुरी, गायत्री साहू, राम जस मानिकपुरी, राम दयाल, तिलक राम साहू, बलीराम साहू, खेदराम साहू, अन्नपूर्णा साहू, धनेश्वरी साहू, नारायणी सोनबोईर, नमिता साहू, यशोदा साहू, संतन साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, अंजोरी साहू, मुन्ना लाल साहू, डॉ भुवन लाल साहू, महेंद्र कुमार सोनवानी, चुरामन साहू, खुर्सीपार साहू समाज अध्यक्ष परदेशी राम साहू, सचिव चुलेशवर प्रसाद साहू, हर्ष साहू, देवेश साहू,शैलेन्द्र कुमार साहू, श्याम कुमार मानिकपुरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार साहू और आभार हरीश चन्द्र साहू ने किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### तीरंदाजी को बढ़ावा देने विधायक निधि से 10 लाख मिले



**रायपुर।** बी एम वाय चरौदा, में 1 जून से 10 जून तक जारी तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन एवं डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक अहिवारा विधान सभा क्षेत्र ने किया। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उदघाटन के पहले ही 10 लाख रु की राशि स्वीकृत कर दी गई है और साथ में 2लाख रुपए इक्विपमेंट के लिय भी दे रहे हैं। इस अवसर पर साथ में सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि अहिवारा, डी विजय यूनियन लीडर रेल्वे, कैलाश मुरारका उपाध्यक्ष भारतीय तीरंदाजी संघ, पार्षद चंद्रप्रकाश पांडेय, मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर और बीजेपी के वरिष्ठ नेता शशिकांत बघेल ,प्रमुख रुप से उपस्थि रहे। तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर में 50 से ज्यादा बच्चों को तीरंदाजी का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कि बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने में सक्षम होंगे।

### आज सेंट्रल जोन विरुद्ध ईस्ट जोन का मुकाबला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस सीनियर /अंडर 23 चैलेंजर ट्रॉफी टी-20के अंतर्गत 4 जून को मुकाबला होगा। जिसमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में सेंट्रल जोन विरुद्ध ईस्ट जोन और बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में नॉर्थ जोन विरुद्ध साउथ जोन का मुकाबला होगा।

### 20 दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 24 मई से 27 मई तक श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल राष्ट्रीय टी-20 दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट (संस्करण-2) का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों के 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतिम दिन डिजिटल इंडिया की टीम ने दो विकेट पर 67 रन से आगे खेलते हुए 5 विकेट पर 131 रन बनाए। जिसमें सुगणेश ने 49 रन,राहुल सिंह ने 21 रन और विकेट कीपर दीपेंद्र सिंह ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में विजन इंडिया के विकास यादव ने दो विकेट, नागेश, आदिल ननसोला एवं शिव शंकर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में विजन इंडिया ने 6 विकेट पर 104 रन बनाए। कप्तान शिव शंकर ने 42 रन और यदुकृष्णा ने 19 रन बनाएं। गेंदबाजी में डिजिटल इंडिया के सुगणेश ने दो विकेट, विजय यादव, गुरमीत धीमान एवं सतीश बाबू ने एक-एक विकेट लिए। परिणाम स्वरूप डिजिटल इंडिया ने 27 रन से मैच जीत लिया।

इन मैचो के पश्चात डिजिटल इंडिया एवं मेक इन इंडिया का रन रेट बराबर रहा अतः दोनों के मध्य एक सुपर ओवर खेला गया। जिसे डिजिटल इंडिया ने जीता। सुपर ओवर में डिजिटल इंडिया ने 15 रन बनाएं। सुगणेश नॉट आउट और कप्तान कुणाल पानसे नाट आउट 7 रन बनाए। बल्लेबाजी में मेक इन इंडिया के 10 रन रहे। कप्तान विक्टर नॉट आउट और सोनी सुहाता ने नॉट आउट एक रन बनाए।

इस प्रकार फाइनल मैच राइस इंडिया एवं डिजिटल इंडिया के मध्य खेला जा रहा था लेकिन 2.3 ओवरों के बाद जब डिजिटल इंडिया का स्कोर एक विकेट पर 51 रन था वर्षा की बाधा के कारण आगे का मैच नहीं खेला जा सका। इनमें सुगणेश ने 32 रन बनाए। कुणाल पानसे 8 रन बनाकर नॉट आउट रहे। एस साहोटा ने नॉट आउट सात रन बनाए। गेंदबाजी में राइस इंडिया जगजीत मोहंती ने एक विकेट लिए। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं एस बाला,स्कोरर विनोद देवघरे एवं आलोक राजपूत, कॉमेंटेटर मनमद राव एवं पृतीश कुमार शर्मा, प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन शिव शंकर, बेस्ट बॉलर जसवंत सिंह, बेस्ट फील्डर रोहित सिसोदिया और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट सुगणेश रहे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, समाजसेवी त्रिवेंदु शेखर, अनुज शर्मा, आशाराम नेम,योगेश्वर ,राजू सिन्हा जय थॉमस, भाजपा प्रवक्ता अमित साहू, आंजनेय यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर टी रामा राव , डीसीसीआई के अविनाश शर्मा, संजय भोस्कर, धीरज हार्डे, ऐबिस कंपनी की सीएसआर हेड जागृति गर्ग एवं छालीवुड की अभिनेत्री काजल श्रीवास उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अभिषेक अग्रवाल कुलाधिपति आंजनेय यूनिवर्सिटी, अभिषेक सिंह कोर कमेटी मेंबर डीसीसीआई, मनदीप सिंह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन, श्रीमंत झा सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन और परमजीत सिंह मौजूद थे

---

सप्लीमेंट का चलन सेहत से है खिलवाड़

# रोजाना सप्लीमेंट्स का बढ़ता चलन हो रहा खतरनाक आप भी कर रहे हैं ये गलती तो तुरंत हो जाएं सावधान

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सप्लीमेंट्स यानी विटामिन्स, मिनरल्स, ओमेगा-3 कैप्सूल्स, प्रोटीन पाउडर आदि का चलन तेजी से बढ़ा है। पर क्या आप जानते हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह के अगर आप सप्लीमेंट्स लेते रहते हैं तो इससे शरीर को कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

दुनियाभर में बढ़ती तमाम प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों के खतरे को कम करने और स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में सुधार सबसे जरूरी है। खान-पान में सुधार का मतलब है पौष्टिक आहार का सेवन और प्रोसेस्ड-जंक फूड्स से दूरी। पौष्टिक आहार से हमें शरीर के लिए आवश्यक विटामिन्स-मिनरल्स और जरूरी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। क्या आपका आहार ऐसा है जिससे शरीर को अच्छा पोषण और सभी जरूरी तत्व मिल पाएं?

जिन लोगों को भोजन से पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती है उन्हें डॉक्टर उस विटामिन या मिनरल का सप्लीमेंट लेने की सलाह देते हैं। सप्लीमेंट्स दवा का रूप हैं, तो क्या विटामिन्स-मिनरल्स की कमी से बचने के लिए पहले से ही सप्लीमेंट्स लेना शुरू कर देना चाहिए?



### सप्लीमेंट के साइड-इफेक्ट्स

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सप्लीमेंट्स यानी विटामिन्स, मिनरल्स, ओमेगा-3 कैप्सूल्स, प्रोटीन पाउडर आदि का चलन तेजी से बढ़ा है। लोग इनका इस्तेमाल ऐसे करने लगे हैं मानो ये बीमारियों से बचने का रामबाण हो। पर क्या आप जानते हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह के अगर आप सप्लीमेंट्स लेते रहते हैं तो इससे शरीर को कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। इसी से संबंधित न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक प्रति वर्ष लगभग 23,000 लोग सप्लीमेंट्स के कारण होने वाले दुष्प्रभावों के चलते अस्पताल के आपातकालीन विभाग में आते हैं। इससे केवल युवा-वयस्क ही प्रभावित नहीं थे, 4 वर्ष से कम आयु के कई बच्चों में भी इसके दुष्प्रभाव जैसे एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया या पाचन संबंधी लक्षण (मतली, उल्टी, पेट दर्द) देखे गए हैं।

### ज्यादा सप्लीमेंट लेना हो सकता है हानिकारक

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिपोर्ट के अनुसार, फैट-सॉल्यूबल विटामिन्स जैसे (ए, डी, ई, के) का अत्यधिक सेवन शरीर में जमा होकर टॉक्सिसिटी (विषाक्तता) पैदा कर सकता है। जरूरत से ज्यादा विटामिन-ए से लिवर डैमेज,



ज्यादा मात्रा में आयरन की गोलियों के कारण कब्ज-उल्टी, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का खतरा रहता है। अन्य कई प्रकार के सप्लीमेंट्स के कारण किडनी और लिवर पर भार बढ़ जाता है। कुछ सप्लीमेंट्स, जैसे विटामिन के, ब्लड थिनर्स के साथ रिएक्ट कर सकते हैं, जिसके कारण गंभीर



स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा हो सकता है। इसी तरह विटामिन बी 6 की अधिक मात्रा तंत्रिकाओं को प्रभावित कर सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

डॉक्टर कहते हैं खुद से सप्लीमेंट्स लेना कई बार फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है। बिना जांच के आपको नहीं पता होता है कि शरीर में किस विटामिन-मिनरल की कमी या अधिकता है। ऐसे में बिना डॉक्टरी सलाह के इस तरह की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं तो संभव है कि शरीर में उस खास पोषक तत्व की मात्रा बहुत अधिक हो जाए। हर विटामिन-मिनरल जितना जरूरी है, उसकी अधिकता के उतने ही गंभीर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

---



## तलवे और एड़ियों में दर्द से राहत पानें करें इन योगासनों का अभ्यास

पैरों के तलवों में दर्द एक सामान्य समस्या है। चलने-फिरने, दौड़ने या लंबे समय तक खड़े रहने के कारण पैरों के तलवे या एड़ियां दर्द होने लग सकती हैं। यह समस्या खासकर प्लांटर फैशाइटिस, गलत जूते पहनना, अधिक वजन, डायबिटीज या नसों की कमजोरी के कारण होती है। हालांकि कई बार मंद-मंद होने वाला ये दर्द अधिक दिक्कत कर सकता है। तलवों में दर्द के कारण आप अधिक देर खड़े नहीं हो पाते। शरीर का वजन पैरों में दर्द के कारण अधिक महसूस होने लगता है। इस तरह की समस्या से निजात पाने का एक प्राकृतिक तरीका योगाभ्यास है। नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास कर पैर के तलवों में होने वाले दर्द से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है।

### पैरों के तलवों में दर्द के मुख्य कारण

प्लांटर फैशाइटिस के कारण दर्द महसूस हो सकता है। प्लांटर फैशाइटिस में एड़ी से पंजे तक जाने वाली



मांसपेशियों में सूजन आ जाती है। शरीर का वजन अधिक होने से भी तलवे दर्द हो सकते हैं। लंबे समय तक खड़े रहने वाले लोगों के लिए यह समस्या आम है। गलत तरीके से चलने या दौड़ने से एड़ियों व तलवों में दर्द होने लगता है। रक्त संचार में कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। जिन लोगों में विटामिन डी या कैल्शियम की कमी होती है, उनके लिए पैरों में दर्द होना आम समस्या हो सकती है।

### ताड़ासन



ताड़ासन का नियमित अभ्यास पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करता है और खिंचाव देता है। इससे तलवे की जकड़न कम होती है।

### वज्रासन

पाचन सुधारने के साथ-साथ वज्रासन तलवों में ब्लड सर्कुलेशन ठीक करता है। तलवों पर हल्का दबाव बनता है जिससे मांसपेशियों में राहत मिलती है।

### बालासन

शरीर को आराम देने वाला यह आसन तलवों के तनाव को कम करता है। यह हील और आर्च एरिया पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

### सेतुबंधासन

इससे टांगों और तलवों की नसों में रक्त प्रवाह सुधरता है। मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। सेतुबंधासन का अभ्यास करने के लिए पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़ें। पैरों को हिप्स के पास रखते हुए धीरे-धीरे कूल्हे को ऊपर उठाएं और हाथों को जमीन पर टिकाकर शरीर का सहारा दें।



---

## राष्ट्रीय पदक विजेताओं ने खिलाड़ियों की भर्ती जल्द शुरू करने रखी मांग



**रायपुर।** खेल छत्तीसगढ़ राज्य को विभिन्न विधाओं में पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों ने मंत्री टंक राम वर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप, टिहरी डैम उत्तराखंड 2024 में श्रेणी-1 में रजत पदक विजेता गणेश यदु,35वी राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट जूनियर व सब जूनियर चैंपियनशिप 24 से 28 अप्रेल,भोपाल के-4 के 200 मीटर इवेंट में कांस्य पदक विजेता सौरभ साहू, सौरभ कुमार एवं खेलो इंडिया 2025, पटना के बॉक्सिंग खेल में कांस्य पदक विजेता प्रिंस कुमार सिंह, आल इंडिया इन्विटेशन गोरखा कप 2025 में कांस्य पदक विजेता सौरभ पासवान, ओपन स्कूल नेशनल प्रतियोगिता 2025 में फ़ाइनल मैच में हरियाणा को पराजित कर गोल्ड मेडल विजेता रजनीश यादव, राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 25-27 मई हरियाणा (अंडर-17 ) में सिल्वर पदक विजेता खिलाड़ी कुमारी सुभद्रा यादव मौजूद थे।

सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने खेल मंत्री टंक राम वर्मा से उत्कृष्ट खिलाडी भर्ती जल्द करने का अनुरोध किया। इस विषय पर आगे चर्चा करते हुए प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, ने मंत्री वर्मा को बताया की नौकरियो के अभाव के कारण पदक विजेता खिलाडी सर्विसेस ०अन्य विभागों में राज्य से बाहर नौकरी करने हेतु मजबूर है। जिसके कारण उनके द्वारा जीता गया कोई भी पदक छत्तीसगढ़ राज्य के नाम न हो कर सम्बंधित विभाग के नाम होता है। जो कि राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त विषय का निराकरण जल्द करने का आश्वासन मंत्री वर्मा ने दिया एवं साथ ही खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी एवं आने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि खेलो को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है हम हमेशा खिलाड़ियों के साथ है। उक्त अवसर पर प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, आर राजेंद्रन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन और प्रशांत राय सचिव छत्तीसगढ़ रेसलिंग एसोसिएशन सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गर्मियों में शेक छोड़िए बनाइए आम का हलवा

अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं तो आम का हलवा एक बेहतरीन विकल्प है। यह मिठाई खासतौर पर आम की खुशबू और स्वाद से भरपूर होती है। आइए जानते हैं घर पर आम का हलवा आसानी से कैसे बनाएं। जितना वक्त आपको मैंगो शेक बनाने में लगता है, लगभग उतने ही समय में आप आम का हलवा बना सकते हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं तो आम का हलवा एक बेहतरीन विकल्प है। यह मिठाई खासतौर पर आम की खुशबू और स्वाद से भरपूर होती है। आइए जानते हैं घर पर आम का हलवा आसानी से कैसे बनाएं।



आम का हलवा बनाने के लिए जरूरी सामग्री दो कप पके हुए आम का गूदा,आधा कप सूजी, चार बड़े चम्मच घी, आधा कप चीनी,आधा छोटा चम्मच इलायची पाउडर, एक कप दूध,आधा कप पानी, केसर और काजू और बादाम कटे हुए रख लें।

### आम का हलवा बनाने की विधि

एक पैन गर्म करके उसमें दो चम्मच घी डालें। अब उसमें सूजी डालकर धीमी आंच पर सुनहरा होने तक भूनें। जब सूजी से खुशबू आने लगे, तब उसमें दूध और पानी डालें। इसे अच्छी तरह चलाते रहें ताकि गांठ न बने।जब सूजी थोड़ा पक जाए, तब उसमें आम का गूदा और चीनी डालें।अब इसे लगातार चलाते हुए पकाएं जब तक हलवा गाढ़ा न हो जाए।अंत में बचे हुए घी और इलायची पाउडर डालकर मिला दें। हलवा जब पैन से चिपके नहीं और अलग होने लगे तो गैस बंद कर दें। ऊपर से कटे हुए ड्राय फ्रूट्स डालें और गरमागरम परोसें।

---

कार्नर न्यूज

नए दौर में डेटिंग का तरीका भी बदल रहे नौजवान

# युवाओं के बीच तेजी से वायरल हो रहा पाइनएप्पल डेटिंग का नया ट्रेंड, पार्टनर के लिए उठाते हैं कदम

आंखों ही आंखों में इशारा हो गया......ये उस समय का गाना है, जब आंखों ही आंखों में इशारे होने के बाद प्यार हो जाता था। समय बदला और फिर ट्रेंड आया लाइक्स और कमेंट्स का। उसमें लोग एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर फॉलो करते थे, एक-दूसरे की तस्वीरों पर लाइक और कमेंट करके इंप्रेस करते थे। फिर समय में बदलाव आया और लोग एप्स के माध्यम से एक-दूसरे को डेट करने लगे। पर, अब 2025 में डेटिंग ट्रेंड पूरी तरह से बदल गया है।

आज के समय में एक अनानास यानी कि पाइनएप्पल लोगों को उनका पार्टनर तलाश करने में उनकी मदद कर रहा है। सुनने में भले ही अजीब लग रहा हो, लेकिन ये सच है। दरअसल, जब डेटिंग के दौरान अनानास का इस्तेमाल हो, तो उसे ही पाइनएप्पल डेटिंग कहते हैं। इस बारे में अभी ज्यादा लोग नहीं जानते है, इसलिए हम आपको इसकी जानकारी देंगे।



### पाइनएप्पल डेटिंग क्या है?

सबसे पहले ये जान लें कि इस डेटिंग की शुरुआत स्पेन से हुई थी। इसमें लोग जब शॉपिंग करने जाते हैं तो अपने शॉपिंग कार्ट में एक पाइनएप्पल रख लेते हैं। ये पाइनएप्पल उल्टा रखा जाता है। इससे वहां मौजूद लोगों को ये संदेश जाता है कि शॉपिंग कार्ट में पाइनएप्पल रखने वाला व्यक्ति सिंगल है। यानि कि वो नए पार्टनर की तलाश में है।

इस दौरान यदि सुपरमार्केट कोई दो लोग उल्टे पाइनएप्पल के साथ पाए जाते हैं, तो इसका मतलब है कि मैच मिल गया। इसके बाद वो दोनों एक-दूसरे से बातचीत करके अपनी बात आगे बढ़ा सकते हैं। ये ट्रेंड सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से फैल रहा है।

### क्या हैं इसके फायदे

अब ये जानना आपके लिए काफी जरूरी है कि आखिर इस पाइनएप्पल डेटिंग का फायदा क्या है। दरअसल, ये डेटिंग ऐप्स के बजाय वास्तविक और स्वाभाविक मुलाकातों को बढ़ावा देता है। इसमें लोग सुपरमार्केट जैसी सार्वजनिक जगहों पर मिलते हैं, जिस वजह से किसी तरह की गड़बड़ी की संभावना थोड़ी कम हो जाती है।



### नुकसान भी जान लें

फायदे के बाद पाइनएप्पल डेटिंग के नुकसान भी आपके लिए जरूरी है। दरअसल, अनजान लोगों से मिलना कभी-कभी जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए यदि आप पाइनएप्पल डेटिंग के जरिए किसी से मिल भी रहे हैं, तो एकदम से उससे अपनी सारी जानकारी साझा न करें। ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

### इन बातों का ध्यान रखकर उठाएं कदम

यदि आप भी पाइनएप्पल डेटिंग की तरफ कदम उठा रहे हैं तो सुरक्षाा के नजरिए से अपनी व्यक्तिगत सीमाओं का ध्यान रखना आवश्यक है। यदि आप इस ट्रेंड को अपनाना चाहते हैं, तो हमेशा सतर्क रहें और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें। कुछ भी गलत लग रहा है तो तत्काल अपने कदम वापस खींच लें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## केविन पर स्टंटवुमन ने केस ठोका आरोप- बिना स्क्रिप्ट शूट किया सीन



हॉलीवुड स्टंटवुमन डेविना लाबेला ने फिल्म निर्देशक और अभिनेता केविन कॉस्टनर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार कहा गया है कि 'होराइजन 2' फिल्म की शूटिंग के दौरान बिना किसी प्रोटोकॉल और स्क्रिप्ट के डेविना लाबेला को दुष्कर्म वाला सीन करने के लिए मजबूर किया गया था।

डेविना ने एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि यह घटना 2 मई, 2023 को यूटा सेट पर हुई, जिसमें उनके साथ गलत हुआ। आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार डेविना ने बताया कि निर्देशक कॉस्टनर 'होराइजन 2' फिल्म में बिना किसी स्क्रिप्ट के दुष्कर्म वाले सीन कराना चाहते थे। जिसे वो पहले एला हंट के साथ फिल्माने वाले थे, जिन्होंने फिल्म में जूलियट की भूमिका निभाई थी। हालांकि, एला ने ये सीन करने से मना कर दिया था।

वैरायटी के रिपोर्ट के अनुसार डेविना ने बताया कि एला हंट द्वारा इस सीन के लिए इनकार करने के बाद कॉस्टनर ने स्टंटवुमेन डेविना को कास्ट किया और इस सीन को फिल्माया। आगे डेविना ने कहा, 'उस दिन मैं असुरक्षित महसूस कर रही थी। मुझे उस सिस्टम ने धोखा दिया जिसने सुरक्षा और व्यावसायिकता का वादा किया था। मेरे साथ जो हुआ, उसने मेरे भरोसे को तोड़ दिया और हमेशा के लिए इस इंडस्ट्री में मेरे काम करने के तरीके को बदल दिया।' इसके अलावा मुकदमे की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घटना के बाद डेविन लेबेला ने इन बुरे प्रभावों से निपटने के लिए कथित तौर पर थेरेपी भी ली थी।

### टॉलीवुड

## तेजा की 'मिराई' का टीजर रिलीज, दिखा गजब का एक्शन-एडवेंचर



दक्षिण भारती फिल्में अपनी कहानियों के साथ खूब प्रयोग करती हैं। इस बात का उदाहरण आने वाली फिल्म 'मिराई' है। इस एक्शन-एडवेंचर वाली फिल्म का हाल ही में हिंदी टीजर रिलीज हुआ? जानिए, क्या-क्या खास दिखा इस टीजर में। सम्राट अशोक का संदर्भ लेकर फिल्म 'मिराई' का टीजर शुरू होता है। इसके बाद विलेन की एंट्री होती है, यह शख्स बहुत शक्तिशाली है, जादुई शक्तियों का मालिक भी है। इसकी बुराई को रोकने का कोई रास्ता किसी को नजर नहीं आ रहा है लेकिन एक योद्धा इस बुरे व्यक्ति को रोकने के लिए आगे आता है। इस काम में एक चमत्कारी दंड (एक प्रकार की छड़ी) उसका मददगार बनता है। इसी कहानी के जरिए एक्शन-एडवेंचर की एक शानदार यात्रा पर 'मिराई' फिल्म दर्शकों को लेकर जाती है।

फिल्म 'मिराई' एक योद्धा की कहानी है, जिसे नौ पवित्र ग्रंथों की सुरक्षा का काम सौंपा गया है। साथ ही एक चमत्कारी दंड (एक प्रकार की छड़ी) भी उसके पास है। मगर अपनी शक्तियों को पहचानने के लिए हीरो को एक कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना पड़ता है। इन्हीं सब बातों की झलक टीजर में मिलती है। फिल्म में कई जगह पर कमाल के एक्शन सीन्स भी नजर आते हैं, वहीं एडवेंचर तो इसका जरूरी हिस्सा है।

फिल्म 'मिराई' में लीड रोल तेज सज्जा ने निभाया है, वह एक योद्धा की भूमिका में हैं। तेजा की फिल्म 'हनुमान' को भी पिछले साल काफी पसंद किया गया था। वहीं फिल्म 'मिराई' में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तन्जा केलर जैसे एक्टर्स भी फिल्म का हिस्सा हैं।

### छॉलीवुड

## 'प्रेम रोग' का पोस्टर हुआ लाँच, अनुज सहित छॉलीवुड की मशहुर हस्तियां हुई शामिल



आज से 25 साल पूर्व बनी छत्तीसगढी फिल्म मोर छइंहा भुइंहा से अपने करियर की शुरूआत करने वाले छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध एक्टर और खलनायक तथा वर्तमान में छत्तीसगढी फिल्मों में सबसे अधिक इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले संजय जैन अब एक्टर से डायरेक्टर बन गये है। ऐसा नही है कि वे अब फिल्मों में अभिनय नही करेंगे वे फिल्मों में अभिनय भी करेंगे। लेकिन फिल्म 'प्रेम रोग' से वे अब डायरेक्टर बनने जा रहे है, ये उनके निर्देशन वाली पहली फिल्म है। संजय जैन द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्म 'प्रेम रोग' का छॉलीवुड कलाकारों का हो रहा सीआईपीएल सीजन-2 के शुभारंभ के अवसर पर रायपुर की डब्ल्यूआरएस कॉलोनी मैदान में पोस्टर लॉंच (फर्स्ट लुक आउट) छॉलीवुड के सुपर स्टार एवं धरसीवा विधायक पदमश्री अनुज शर्मा ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से छॉलीवुड के सुपर स्टार मन कुरैशी, रजनीश झांजी, फिल्म मोर छइंहा भुइंया फेम दीपक साहू, रवि साहू,सीनियर एक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, रिंकू राजा, लक्षित झांजी, लाभांश तिवारी, फिल्म के डायरेक्टर संजय जैन, फिल्म के हिरो अनिल सिन्हा, हिरोईन शालिनी विश्वकर्मा, सुप्रसिद्ध डीओपी सिद्धार्थ सिंह, इस फिल्म के परिक्ल्पनाकार क्रांति दीक्षित के साथ ही छॉलीवुड के कई हस्तियां शामिल हुईं। फिल्म के डायरेक्टर संजय जैन ने बताया कि इस फिल्म के हिरो अनिल सिन्हा उर्फ फुफु एवं छॉलीवुड की चुलबुली हीरोईन शालिनी विश्वकर्मा है।

### अतीत की वापसी

मशहूर फैशन क्रिटिक अन्ना विंटोर ने एक बार कहा था कि फैशन का मतलब पीछे देखना नहीं बल्कि आगे देखना है लेकिन मिलान में कई ब्रांडों ने अपने स्प्रिंग-समर 2024 कलेक्शन के लिए अतीत और अपने अभिलेखों की ओर रुख किया है। यहां वर्साचे ने शर्बती रंगों के साथ 1960 के दशक की खूबसूरती पेश की। फैशन जगत ने भी इसे हाथों-हाथ लिया है।



लाइफ स्टाइल

## गर्मियों में किस तरह रखें बालों का ख्याल, एक्सपर्ट से जानें



गर्मियों की छुट्टियों में हम सभी ढेर सारी मस्ती करना चाहते हैं। अमूमन यह वक्त होता है, जब हम बाहर निकलकर बहुत सारे खेल खेलते हैं, स्विमिंग पूल में छलांग लगाते हैं और साइकिलिंग का जमकर मजा लेते हैं। लेकिन इस मौसम में आपको अपना ज्यादा ध्यान रखना पड़ता है, फिर चाहे बात बालों की ही क्यों ना हो। इस मौसम में बाल कभी फ्रिज़ी, कभी रूखे-सूखे, कभी पसीने से चिपचिपे हो जाते हैं, जिससे स्कैल्प व बालों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में तेज़ धूप, उमस, धूल और बार-बार धोने से बाल बेजान और कमज़ोर लगने लगते हैं।

हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। गर्मियों में बालों का ख्याल रखना इतना भी मुश्किल नहीं है। बस आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होता है और अपने हेयर केयर रूटीन में थोड़े-बहुत बदलाव करने होते हैं। जिससे आप इस मौसम में भी अपने बालों को उतना ही सॉफ्ट और हेल्दी बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे समर हेयर केयर टिप्स के बारे में बता रही हैं, जो आपके बेहद काम आ सकते हैं-

### बालों को रखें हाइड्रेटेड

गर्मी के मौसम में तेज धूप व गर्मी आपके बालों को रूखा व परेशान बना सकती है। ऐसे में बालों को हाइड्रेटेड रखना काफी अच्छा माना जाता है। हेयर मास्क नमी को लॉक करता है, बालों को मुलायम बनाता है और टूटने से बचाता है। इसके लिए आप हफ्ते में 1-2 बार डीप कंडीशनिंग या हेयर मास्क लगाएं। आप खुद घर पर ही दही व शहद की मदद से हेयर मास्क बना सकती हैं। इसके अलावा, एलोवेरा जेल व नारियल तेल का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### एलोवेरा आइस क्यूब का करें इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में अपने बालों और स्कैल्प की केयर करने के लिए एलोवेरा आइस क्यूब तैयार किया जा सकता है। इसके लिए एलोवेरा जेल को मिक्सी में ब्लेंड करके आइस ट्रे में डालें और जमा लें। हफ़्ते में 1-2 बार एक क्यूब सीधे अपनी स्कैल्प लगाकर मसाज करें। दरअसल, एलोवेरा में नेचुरल एंज़ाइम्स होते हैं जो जलन या सनबर्न वाली स्कैल्प को ठंडक देते हैं।

## देसी साड़ी के साथ पहन रही हैं वेस्टर्न शर्ट, बनाएं इसे स्टाइल स्टेटमेंट





अगर आप एथनिक वियर साड़ी को एक ट्विस्ट के साथ पहनना चाहती हैं तो ऐसे में इसे वेस्टर्न शर्ट के साथ स्टाइल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। हालांकि, साड़ी और शर्ट को स्टाइल करने से लुक अच्छा लगता है।

साड़ी के साथ शर्ट का कॉम्बिनेशन आपके पूरे लुक को बदलकर रख सकता है। आज के समय में आम लड़कियों से लेकर बॉलीवुड डीवाज तक इस लुक को कैरी कर रही हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि साड़ी के साथ शर्ट का कॉम्बिनेशन एकदम क्लासी लगता है। बस जरूरत है कि आप इसे सही तरह से स्टाइल करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप साड़ी के साथ शर्ट लुक में खास नजर आ सकती हैं-

जब आप साड़ी के साथ शर्ट को स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आपको फैब्रिक पर खासा ध्यान देना चाहिए। आप लाइटवेट साड़ी जैसे कॉटन, ऑर्गेन्ज़ा या शिफॉन आदि को कॉटन या लिनन शर्ट के साथ पहनें। बता दें कि लाइट फैब्रिक एक-दूसरे के साथ अच्छे से बैठते हैं और पहनने में भी आरामदायक रहते हैं।

### प्रिंट्स और टेक्सचर के साथ करें प्ले

साड़ी के साथ शर्ट को स्टाइल करते समय अगर आप एक डिफरेंट लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में प्रिंट्स और टेक्सचर के साथ प्ले करें। मसलन, स्ट्राइप या पोल्का जैसी प्रिंटेड शर्ट को प्लेन या फिर कंट्रास्ट साड़ी के साथ पेयर किया जा सकता है। कोशिश करें कि एक चीज़ को सिंपल रखो और दूसरे को हाइलाइट करो। वहीं, अगर आप प्रिंट-ऑन-प्रिंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो इसे थोड़ा समझदारी से करें। मसलन, स्ट्राइप्स शर्ट के साथ फ्लोरल साड़ी का कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है।

### स्नीकर्स को करें कैरी

शर्ट के साथ जब आप साड़ी स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। अमूमन लड़कियां साड़ी के साथ हील्स को पेयर करती हैं। लेकिन अगर आप साड़ी में इंडो-वेस्टर्न लुक क्रिएट कर रही हैं तो ऐसे में आप उसके साथ व्हाइट स्नीकर्स को कैरी कर सकती हैं। यह लुक ना केवल स्टाइलिश लगेगा, बल्कि यह उतना ही कंफर्टेबल भी होता है। स्नीकर्स आपके लुक में थोड़ा फन भी लाते हैं।

## बिना पैसे खर्च किए पाएं नया लिप ग्लॉस पुरानी बेकार पड़ी लिपस्टिक की लें मदद



हम सभी की मेकअप किट में लिप ग्लॉस जरूर होता है। अक्सर हम अपने होंठों की खूबसूरती को निखारने के लिए या फिर अपने लिप मेकअप को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करती हैं। मार्केट में मिलने वाले ब्रांडेड लिप ग्लॉस अक्सर काफी महंगे होते हैं। साथ ही साथ, कभी-कभी ये ग्लॉस आपके होंठों को सूखा भी बना देते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद घर पर ही लिप ग्लॉस बनाकर तैयार करें।

जी हां, अगर आप चाहें तो नारियल तेल और पुरानी लिपस्टिक की मदद से लिप ग्लॉस बना सकती हैं। इस लिप ग्लॉस को बनाने के कई फायदे हैं। जहां एक ओर नारियल तेल सूखे होंठों की समस्या को दूर करके उसे मुलायम बनाता है, वहीं दूसरी ओर लिपस्टिक के शेड को आप अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मनपसंद लिप ग्लॉस तैयार कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि आप पुरानी लिपस्टिक की मदद से लिप ग्लॉस किस तरह बनाई जा सकती हैं-

अगर आप घर पर ही लिपस्टिक और नारियल तेल की मदद से लिप ग्लॉस बना रही हैं तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। मसलन- लिप ग्लॉस बनाते समय नारियल तेल का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपके होंठों को नमी देता है। इससे रूखे और फटे होंठों की समस्या को कम करने में काफी मदद मिलती है। चूंकि आप अपनी पुरानी लिपस्टिक का इस्तेमाल कर रही हैं, इसलिए आप जो रंग चाहे, उसे मिलाकर मनपसद शेड तैयार कर सकती हैं।

## फेयर स्किन पर खिल उठेगा मेकअप बस आज़माएं ये ट्रेंडिंग टिप्स



अगर आपकी स्किन टोन फेयर है तो ऐसे में आप उसकी खूबसूरती को निखारने के लिए कुछ मेकअप टिप्स आजमा सकती हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप आपकी खूबसूरती में चार-चांद भी लगा सकता है और उसे बिगाड़ भी सकता है। आप मेकअप किस तरह करती हैं, इसका गहरा असर आपके ओवर ऑल लुक पर पड़ता है। मेकअप करते समय सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी स्किन टोन का खासा ध्यान रखें, तभी आप सही शेड्स का चयन कर पाती हैं। खासतौर से, अगर आपकी स्किन टोन फेयर है तो ऐसे में मेकअप करते समय थोड़ा अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है। आपको हमेशा कुछ इस तरह मेकअप करना चाहिए, जो आपके नेचुरल ग्लो को बढ़ाए।

ध्यान रखें कि मेकअप आपके फेस को ज़्यादा हैवी, केकी या फीका नहीं बनाना चाहिए। इसके लिए बस आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को अपनाने की जरूरत होती है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको कुछ ऐसे ही मेकअप टिप्स के बारे में बता रही हैं, जो आपकी फेयर स्किन टोन को और भी निखारने में मदद करेंगे।

### सबसे पहले स्किन को करें तैयार

एक परफेक्ट लुक पाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि आप मेकअप करने से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। स्किन को क्लीन करने के बाद और मेकअप से पहले मॉइश्चराइज़र और सनस्क्रीन लगाना ना भूलो। दरअसल, फेयर स्किन जल्दी सनबर्न का शिकार होती है। लेकिन मॉइश्चर से बेस स्मूद बनता है और सनस्क्रीन से स्किन प्रोटेक्ट रहती है।

कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में सादगी ज्यादा पसंद करते हैं लोग

## सादगी में भी नजर आएगी कयामत की अदा सिम्पल मेंस लुक है आज के दौर का चलन

आजकल फैशन करना सामान्य बात है। कभी फैशन सिर्फ लड़कियों के लिए ही समझा जाता था। लेकिन, अब लड़कियों से ज्यादा लड़के फैशन करने की कतार में सबसे आगे पाए जाते हैं। पहले तो मेकअप के लिए भी लड़कियों को ही जाना जाता था, लेकिन अब इस लिस्ट में पुरुषों का भी नाम जुड़ने लगा है। जो मेकअप भी करते हैं और खुद को खूब स्टाइलिश भी बनाते हैं। वहीं इन सभी के बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें ज्यादा फैशन या स्टाइलिश दिखाई देना पसंद नहीं आता है। वो खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए सिंपल ही कपड़ों को पहनना पसंद करते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही सिंपल स्टाइलिश कपड़ों के बारे में बताएंगे। जिसे पहनकर आप खुद को स्टाइलिश बना सकते हैं।

### सफेद टी-शर्ट

लड़कों के लिए सफेद टी-शर्ट एक शानदार ऑप्शन है। सफेद टी-शर्ट को लड़के ब्लू डेनिम के साथ कैरी कर सकते हैं।



सफेद टी-शर्ट और डेनिम जींस एक ऐसा कॉम्बिनेशन है। जिसे वो कभी भी पहन सकते हैं। वहीं टी-शर्ट के साथ अगर ब्लेजर पहन लिया जाए तो वो एक ऑफिशियल लुक बन जाएगा। जो ऑफिस में भी काफी शानदार लगेगा।

### फिटेड शर्ट

फिटेड शर्ट को एक अच्छे ट्राउजर पैंट के साथ पहन सकते हैं। फिटेड शर्ट और डार्क रंग की पैंट के साथ ये लुक काफी जबरदस्त लगेगा। साथ ही इससे आपकी आकर्षक पर्सनालिटी भी बनती है।

### फिटेड सूट

ये बात बिल्कुल सच है कि लड़के दर्जी से सिलवाए सूट में बेहद ही हैंडसम लगते हैं। खास बात ये है कि दर्जी से सिलवाए सूट में फिटिंग जबरदस्त आती है। जिसमें आप अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करने से खुद को नहीं रोक पाते हैं।

### कुर्ता-पजामा

कुर्ता-पजामा वो ट्रेडिशनल आउटफिट है। जो पुरूषों के लुक को एकदम से बदल देता है। आजकल कुर्ते संग जींस का भी खूब चलन चल रहा है। ऑफिस में भी कुर्ता संग जींस पहनना आम सी बात हो गई। वहीं अब कुर्ते में सफेद और काले रंग की जगह कई नियॉन कलर्स भी आ गए हैं। जो लुक को बेहद ही अलग बना देता है।

### डेनिम जींस



स्टाइलिंग और फैशन के बारे में बात हो तो डेनिम जींस का जिक्र होना बेहद ही जरूरी है। डेनिम जींस वो चीज है जिसके साथ आप टी-शर्ट, शर्ट, कुर्ता अपने हिसाब से स्टाइल कर सकते हैं। दिलचस्प बात ये है कि डेनिम जींस का स्टाइल कभी भी पुराना नहीं होता है।